दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...








● नई दिल्ली।। बुधवार 12 जून -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 243 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


# स्मार्ट पाठकों का स्मार्ट अखबार




## ई-पेपर की विशेषताएं

फोन की स्टोरेज पर नहीं पड़ेगा कोई असर

अखबार की पीडीएफ बनाने की सुविधा

PDF

कलेंडर से प्राप्त करें पुरानी तारीख का अखबार

खबर को सेव और क्रॉप करने का ऑप्शन

खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करने की सुविधा

रोजाना सुबह सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफॉर्म पर अखबार का लिंक हो रहा है फॉरवर्ड

जब एक क्लिक पर खुले आपका करंट क्राइम अखबार तो फिर एमबी का बोझ क्यों करे आपका स्मार्ट फोन स्वीकार

https:// epaper.currentcrime.com/view/106/current-crime

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। बुधवार 12 जून -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 243 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## योगी कैबिनेट ने 41 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

# गाजियाबाद में एचआरआईटी यूनिवर्सिटी को मिली मंजूरी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 खत्म होने के बाद मंगलवार को लखनऊ में योगी कैबिनेट की पहली बैठक हुई। इस दौरान योगी कैबिनेट ने 41 प्रस्ताव पर मुहर लगाई। कैबिनेट में जो प्रस्ताव पास किए गए उनमें गाजियाबाद में एचआरआईटी यूनिवर्सिटी को मंजूरी प्रदान की गई। कैबिनेट में राज्य विश्वविद्यालय से 'राज्य' शब्द हटाने का प्रस्ताव पास हुआ। दो निजी विश्वविद्यालय को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव भी पास हुआ। इसके अलावा योगी कैबिनेट में महाकुंभ 2025 की तैयारियों के सम्बंध में प्रस्ताव पास हुआ। महाकुंभ मेला 3200 हेक्टेयर से बढ़ा कर 4000 हेक्टेयर में लगेगा। घाटों का दायरा बढ़ाया जाएगा।



- वन विभाग से कुंभ में लकड़ी के लाट लेने के लिए 99 हजार के सापेक्ष 79 हजार लाट लेने के लिए 236 करोड़ का प्रस्ताव हुआ पास
- बिजली विभाग में लोन लेने के लिए 1000 करोड़ का लोन 9.5% की दर से हुडको से लेने का प्रस्ताव पास हुआ।
- वर्ष 2024-25 की के लिए स्थानांतरण नीति को मंजूरी मिली।
- बरेली में फ्यूचर यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद में एचआरआईटी यूनिवर्सिटी को मंजूरी।
- हुडको से 1000 करोड़ के लिए गए लोन की गारंटी सरकार लेगी, इस प्रस्ताव को मंजूरी।
- ओबरा में लग रहे दो पावर प्लांट की लागत बढ़ने को मंजूरी। पहले 11705 करोड़ रुपए लागत थी, अब 13005 करोड़ रुपए लागत हो गई है।
- बलिया के रसड़ा में ट्रांसमिशन सबस्टेशन की लागत 537 करोड़ लागत करने के प्रस्ताव को मंजूरी।

# क्या भाजपा ने कर ली है कांग्रेस लीडर डॉली शर्मा पर मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी

## तीन मामले होने जा रहे हैं दर्ज जिनमें आचार संहिता से लेकर मानहानि का हो सकता है मुकदमा दर्ज





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनाव की जंग भले ही समाप्त हो गई है लेकिन चुनावी रण के दौरान जो जुबान से तीर निकले थे अब उनका हिसाब लेने की तैयारी है। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस सपा गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी हो रही है। चुनावों के दौरान डॉली शर्मा काफी आक्रामक अंदाज में रही थी और उन्होंने विपक्ष पर खुलकर हमला बोला था। सूत्र बताते हैं कि चुनाव के दौरान डॉली शर्मा ने गोल्फ लिंक को लेकर आरोप लगाये थे और एक प्रेस वार्ता भी की थी। वहीं कुछ जनसभाओं में उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार के खिलाफ ऐसे शब्दों का प्रयोग किया था जो राजनीतिक मयार्दा के खिलाफ हैं। सूत्र बता रहे हैं कि मुकदमें की तैयारी हो चुकी है और आने वाले कुछ दिनों में ये मुकदमें दर्ज होंगे। डॉली शर्मा के खिलाफ एक नहीं बल्कि तीन मामलों में मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी है इनमें आचार संहिता के उल्लंघन वाले मामले से लेकर मानहानि के मुकदमें शामिल हैं। सूत्रों की माने तो कागजों की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है और अब तहरीर का इंतजार है।

### नहीं है कोई सस्पेंस जुटाए हैं पूरे एविडेंस

करंट क्राइम। आमतौर पर चुनाव के बाद सरकार जिसकी बननी है बन जाती है और फिर आरोपों प्रत्यारोपों वाले हथियार भी वापस हो जाते हैं। लेकिन भाजपा ने इन मुकदमों की तैयार चुनाव प्रचार के दौरान ही कर ली थी। उस समय भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग अपनी चुनावी रणनीति के तहत भले ही खामोश रहे थे लेकिन गठबंधन उम्मीदवार के शब्दों को लेकर उनके मन में जरूर एक रोष था। उन्होंने चुनाव जीतने के बाद भी ये कहा था कि विपक्षी उम्मीदवार अपनी भाषा को मर्यादित रखें। वहीं सूत्र बताते हैं कि भाजपा की एक लॉबी चुनाव प्रचार वाले दिन से ही उन सभी वीडियो क्लीप, ऑडियों और अखबारों की कंटिग को एकत्र कर रही थी जिसमें भाजपा के मुताबिक डॉली शर्मा ने आपत्तिजनक बातें कहीं हैं। यह पूरे सबूत जुटाये गये हैं। सूत्र बता रहे हैं कि मुकदमा दर्ज कराने को लेकर कहीं कोई सस्पेंस नहीं है सूत्रों का दावा है कि उनके पास पूरे ऐवीडेंस है। जिन्हें वह एफआईआर दर्ज कराते समय उपलब्ध करा देंगे।

### खुद अतुल गर्ग दर्ज करा सकते हैं अपने नाम से मुकदमा कायम!

करंट क्राइम। राजनीति में आरोप प्रत्यारोप लगते हैं और अतुल गर्ग जैसे नेता इसे सहज भाव से लेते भी हैं। उनका खुद भी एक चुटिला अंदाज है लेकिन इस बार वो कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा से नाराज हैं। सूत्र बताते हैं कि कुछ शब्दों को लेकर आपत्ति है और आलम ये है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग किसी अन्य से मुकदमा दर्ज कराने के बजाय इस मुकदमें में खुद वादी हो सकते हैं। उनकी तरफ से मुकदमा दर्ज कराया जा सकता है और बताने वाले बता रहे हैं कि सांसद अतुल गर्ग इस मामले में बैकफुट पर आने के मूड में नहीं हैं।

# 50 भीतरघातियों की भाजपा में लिस्ट हो गई है तैयार

## संगठन वालों को पता है इस लिस्ट में आया है किस-किस का नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव में भाजपा का नारा था कि वो 400 पार करेगी। गाजियाबाद में 10 लाख की जीत का दावा 4 लाख पर आ गया था और 3 लाख 30 हजार पर जनता ने मामला फाईनल कर दिया। भाजपा चुनाव लड़ रही थी और यहां एक चुनाव भाजपा को संगठन के भीतर लड़ना पड़ रहा था। उसे बाहर वालों से कम और भीतर वालों से ज्यादा जूझना पड़ रहा था। वजह ये थी कि भाजपा के भीतर ही भीतरघातियों का एक गुट तैयार हो गया था। ये गुट ये लॉबी भाजपा उम्मीदवार की चुनावी रणनीति को लीक कर रही थी ये भीतरघाती पहले भाजपा वालों के बीच बैठते थे और फिर ऐसे लोगों के बीच जाकर बैठ रहे थे जो भाजपा विरोधी हैं। वहीं भाजपा संगठन भी इन भीतरघातियों पर निगाह रख रहा था। सूत्र बताते हैं कि इनमें से कई भीतर घाती ऐसे थे जो पूरे लोकसभ चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के लिए प्रचार करने निकले ही नहीं। ये भीतरघाती दूसरे दल को चुनाव लड़वा रहे थे। वहीं भाजपा की एक लॉबी इन भीतरघातियों पर नजर रख रही थी। सूत्र बताते हैं कि अब चुनाव के बाद भीतरघातियों की लिस्ट अपडेट हो गई है। भाजपा में 50 भीतरघातियों की सूची तैयार हुई है। ये भीतरघाती चुनाव में भाजपा के विरूद्ध काम कर रहे थे।



### लिस्ट के साथ एनक्लोज हो रहा है सबूत ताकि आरोप रहे मजबूत

करंट क्राइम। सूत्र बताते है कि 50 भीतरघाती लिस्ट में आ चुके हैं। ये लिस्ट तैयार हो चुकी है। इस लिस्ट में 50 भाजपाई है ये सभी है जो अंदरखाने दूसरी पार्टी के टच मे थे। सूत्र बताते हैं कि भीतरघातियों को लेकर संगठन भी पारदर्शी कार्यवाही करने के पक्ष में है। किसी पर झूठा आरोप न लग जाये और जिसको भीतरघाती बताया जा रहा है उसके खिलाफ भी सबूत हों। इसका ध्यान रखा गया है। इसलिए जो लिस्ट तैयार हुई है और उस लिस्ट में जो नाम आयें हैं उनमें हर नाम के साथ सबूत भी एनक्लोज किये गये हैं। ताकि ये आरोप ना लगे कि लिस्ट में किसी और वजह से नाम आया।

### अध्यक्ष ने संख्या नहीं बतायी लेकिन यह हैं पूरे 50 भाजपाई

करंट क्राइम। भीतरघात करने वालों की लिस्ट तैयार हुई है लिस्ट के साथ सबूत भी लगाये गये हैं। कितने भीतरघाती इस लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग को चुनाव हरवा रहे थे इसकी कोई संख्या महानगर अध्यक्ष ने नहीं खोली है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि ऐसे भीतरघाती पूरे 50 भाजपाई हैं। 50 भाजपाईयों ने या तो चुनाव में साइलेंट मोड पर खुद को रखा है या वॉयलेंट होकर दूसरे उम्मीदवार को जिता रहे थे।

# हॉस्पिटल में उज्बेकिस्तान की महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कौशांबी थानाक्षेत्र के वैशाली स्थित मैक्स हॉस्पिटल में उज्बेकिस्तान की महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। विदेशी महिला का शव बाथरूम में लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में दूतावास को भी सूचित किया जा रहा है।




एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया, मंगलवार दोपहर करीब सवा एक बजे थाना कौशांबी को इसकी सूचना मिली। जानकारी करने पर पता चला कि उज्बेकिस्तान निवासी 45 वर्षीय जुल्फिया पिछले दिनों लीवर ट्रांसप्लांट के लिए मैक्स हॉस्पिटल कौशांबी में भर्ती हुई थीं। वो प्राइवेट वार्ड में भर्ती थीं, जहां उनकी देखरेख खुद उनके पति करते थे।

### बाथरूम में लटकी मिली लाश

**करंट क्राइम :** जुल्फिया मंगलवार दोपहर बाथरूम करने के लिए गईं, लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं निकलीं। पति ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई रिस्पांस नहीं आया। जिसके बाद जुल्फिया के पति ने हॉस्पिटल स्टाफ को सूचित किया। स्टाफ ने जैसे-तैसे दरवाजा खोला तो जुल्फिया की लाश फांसी पर लटकी हुई थीं। उन्होंने अपने हिजाब को फांसी का फंदा बनाया और टॉवल हैंगर पर लटक गईं।

इस सूचना पर तुरंत कौशांबी थाने की पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया है कि इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। अभी खुदकुशी करने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

## शोक संदेश

### भाजपा प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी के पिता का निधन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बीजेपी प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी के पिता तथा जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी के ससुर जी कृष्ण कुमार त्यागी का मंगलवार को निधन हो गया। कृष्ण कुमार त्यागी कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बसंत त्यागी के पिता के निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बसंत त्यागी के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को ही किया गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके ट्रोनिका सिटी स्थित आवास से निकली।





# मंगल रहा कमिश्नरेट पुलिस पर भारी, सुनार को गोली मारकर लूटा

## नंदग्राम और सिहानी गेट में लूट और विजय नगर में हुई बड़ी चोरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के लिए मंगलवार भारी रहा। सिटी जोन में जहां एक के बाद एक दो लूट की घटनाएं हुई हैं। तो वहीं विजयनगर थाना क्षेत्र में मेडिकल स्टोर पर लाखों की चोरी का मामला भी सामने आया।

कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर वैसे ही बयानबाजी और घमासान मचा हुआ है। इसके बीच मंगलवार को एक के बाद एक कई मामले सामने आए हैं। नंदग्राम थानाक्षेत्र में पुलिस पिंक बूथ के ठीक सामने मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने दिल्ली से सोने-चांदी के आभूषण खरीद कर लौट रहे ज्वेलर्स दीपक वर्मा और अंकित वर्मा पर निशाना साधा और गोली मारकर लूट की वारदात को अंजाम लिया। बदमाशों की गोली लगने से दीपक वर्मा घायल हो गए जिन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने लगभग ढाई किलो चांदी, 40 हजार रुपय कैश और 25 ग्राम के आसपास सोने के आभूषण लूट लिए हैं। लूटे गए माल की कुल कीमत लगभग 12 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। उधर लूट की वारदात के बाद गाजियाबाद ज्वेलर्स एसोसिएशन नाराज है, जबकि इस मामले में पुलिस के अधिकारियों ने दो टीमें गठित कर घटना के अनावरण के प्रयास शुरू कर दिए हैं।



> घटना के खुलासे के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। वहीं सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाली जा रही है।
>
> **रवि सिंह, एसीपी नंदग्राम**



### चौकी के ठीक सामने हुई लूट की वारदात

करंट क्राइम : हिंडन विहार में बालाजी ज्वैलर्स और शुभम ज्वैलर्स के नाम से हिंडन विहार निवासी दीपक वर्मा और अंकित वर्मा की दुकानें हैं। मंगलवार को साप्ताहिक बंदी होती है। जिसके चलते दोनों भाई दिल्ली से सामान खरीद कर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि दोपहर को हुई घटना में उनके पास लगभग 40 हजार रुपये कैश, 25 ग्राम सोना और ढाई किलो चांदी मौजूद थी। जैसे ही दोनों भाई चौकी के सामने पहुंचे बाइक सवार दो बदमाश आए और गोली मारकर लूट की वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए।

### 12 मिनट बाद पहुंची लोकल पुलिस

करंट क्राइम : वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पूर्व के रिकॉर्ड प्रदर्शन की जानकारी दी जाती है लेकिन मंगलवार को हुई घटना ने इस व्यवस्था की पोल खोल दी। घटना की सूचना देने के करीब 12 मिनट बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। उधर थाना नंदग्राम पुलिस का घटना को लेकर रवैया भी लापरवाही भरा बताया जा रहा है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस पहले घटना में माल और रकम को लेकर पीड़ित पर दबाव बना रही थी।

### कल ही हुई थी डीसीपी से मुलाकात, मंगल को हो गई वारदात

**करंट क्राइम :** ज्वैलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी व अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव रवि वर्मा ने बताया है कि सोमवार को डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल से सर्राफा कारोबारियों ने मुलाकात की थी। दरअसल अर्थला में करीब 2 साल पूर्व प्रदीप वर्मा नाम के ज्वैलर्स की लूट के बाद हत्या की गई थी। उस मामले का अब तक अनावरण नहीं हुआ है। साथ ही ज्वैलर्स को सुरक्षा भी प्रदान नहीं की गई है। आरोपी खुले घूम रहे हैं। इस प्रकरण को लेकर सोमवार को सर्राफा एसोसिएशन ने मुलाकात की और मंगलवार को सुनार के साथ लूट की वारदात हो गई।

### क्या खत्म हुई सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था की योजना

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम से पूर्व गाजियाबाद के तात्कालिक एसएसपी कलानिधि नैथानी ने पूरे जिले के लगभग 385 छोटे बड़े ज्वैलर्स की एक लिस्ट बनवाई थी। यह लिस्ट प्रत्येक थाना और चौकी बार वितरित की गई। इसके तहत प्रतिदिन अलग-अलग थाना और चौकी क्षेत्र में आने वाली ज्वैलर्स की दुकानों पर पुलिस के कांस्टेबल जाते थे और सुरक्षा का हाल जानने के साथ ही वहां जांच करते हुए की लाइव तस्वीर व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजा करते थे। बीते करीब कई महीनों से यह व्यवस्था बंद चल रही बताई जा रही है। बीच में चुनावी सीजन की वजह से फोर्स की कमी का हवाला दिया गया था लेकिन आचार संहिता खत्म होने के बाद भी यह प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।

### प्रेम प्रसंग और कर्जे के एंगल पर भी हो रही है पड़ताल

करंट क्राइम : पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है की लूट की वारदात में पुलिस दीपक जिसके गोली लगी है, उससे भी पूछताछ कर रही है। इस मामले में पुलिस ज्वैलर्स के प्रेम प्रसंग और उसपर कर्ज को लेकर भी पड़ताल कर रही है ताकि घटना का सही खुलासा किया जा सके।

### सर्राफा व्यापारी बोले भगवान भरोसे है सुरक्षा व कानून व्यवस्था

करंट क्राइम : सर्राफा व्यापार संगठन के पदाधिकारी और अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव रवि वर्मा का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब सुनार को टारगेट किया गया है। बदमाश हमेशा से ज्वैलर्स कारोबारियों पर निशाना साधते हैं। बीते कुछ समय से पुलिस व्यवस्था भी ठीक नहीं चल रही है। इस घटना का जल्द से जल्द खुलासा होना चाहिए और आरोपी जेल भेजे जाएं।

## चोरों ने किया मेडिकल शॉप पर हाथ साफ, सीसीटीवी हुआ वायरल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विजयनगर सेक्टर-11 में दो चोरों ने एक फामेर्सी शॉप का शटर तोड़ दिया और यहां से कीमती दवाएं व 14 हजार रुपए चुरा लिए। ये पूरी घटना शॉप के अंदर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई जो अब वायरल हो रही है। मंगलवार को पीड़ित ने थाने में शिकायत दी हं और पुलिस को फुटेज भी उपलब्ध कराई है।

दिल्ली के मुकुंदपुर ए-43 निवासी संजू की गाजियाबाद में विजयनगर सेक्टर-11 में ज्योति फामेर्सी शॉप है। संजू मंगलवार सुबह जब शॉप खोलने पहुंचे तो उन्हें शटर टूटा मिला। दुकान के अंदर का सामान भी अस्त-व्यस्त मिला और काउंटर की ड्रॉल भी टूटी हुई थीं। जब उन्होंने शॉप में लगे सीसीटीवी की फुटेज चेक की तो नजारा देखकर दंग रह गए।




### देर रात बोला था चोरों ने धावा

**करंट क्राइम :** सीसीटीवी की फुटेज के अनुसार, दो चोरों ने सोमवार रात करीब 3 बजकर 18 मिनट पर शटर तोड़ा और अंदर घुस गए। एक चोर अंदर घुसा और दूसरा बाहर खड़े होकर पहरेदारी करता रहा। उनके पास लोके की एक रॉड थी। इससे उन्होंने काउंटर के गल्ले का लॉक तोड़ दिया। गल्ले में रखे 14 हजार रुपए चुरा लिए। काउंटर से कुछ कीमती दवाएं भी निकाल लीं। करीब 3 मिनट बाद चोर पुन: शटर नीचे डालकर फरार हो गए। पीड़ित शॉपकीपर ने चोरी हुई दवाओं की सूची भी पुलिस को मुहैया कराई है। विजयनगर थाना पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# योगी सरकार ने नई तबादला नीति को दी मंजूरी, लाखों कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का दिया तोहफा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दे दी है। बैठक में कुल 42 प्रस्ताव रखे गए जिनमें से 41 को मंजूरी दे दी गई है। नई स्थानांतरण नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जनपद में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। वहीं समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाएगा। समूह क और ख के अधिकारियों के स्थानांतरण के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है। इस स्थानांतरण नीति के तहत सभी स्थानांतरण आगामी 30 जून तक किए जाने हैं। बैठक में बुंदेलखंड क्षेत्र की 50 में से 26 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। जिनकी कुल लागत 10858 करोड़ रुपये है। इसमें 1394 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है।

**एक दिन पूर्व रिटायर होने वाले कर्मचारियों को मिलेगा वेतन वृद्धि का लाभ**

कैबिनेट ने प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। इसके अनुसार अब 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक जो व्यवस्था थी उसके अनुसार 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। हालांकि अब कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दे दी है। इससे कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी में मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय के बाद ज्यूडिशियल कर्मचारियों को पहले ही इसका लाभ दिया जा चुका है और अब सरकारी कर्मचारी भी इससे लाभान्वित हो सकेंगे।

**विश्वविद्यालयों के नामों में संशोधन, 2 निजी विश्वविद्यायलों को एलओआई**

योगी सरकार ने प्रदेश के 5 विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया है। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। महाराज सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ का नाम अब महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ होगा। इसी तरह मां शाकुम्भरी देवी राज्य विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय बलरामपुर से भी राज्य शब्द को हटाने को मंजूरी दी गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद का नाम गुरु जंबेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि प्रदेश के छात्र अपने ही प्रदेश में उच्च शिक्षा गृहण कर सकें। इसके लिए सरकारी विश्वविद्यालयों के साथ ही प्राइवेट विश्वविद्यालय को भी प्रमोट किया जा रहा है। इसी क्रम में दो नए निजी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव पारित हुआ है। इसमें एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरा फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली है। इन दोनों ने अपने सभी मानक पूरे कर लिए हैं।

# जयंत को सियासी चौधरी बना भाजपा ने साधे कई निशाने



**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल मुखिया जयंत चौधरी को यूपी से नया सियासी चौधरी बनाकर भाजपा ने एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है। जयंत को यूपी से बड़े जाट चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके जरिए हरियाणा और राजस्थान को साधने की तैयारी हो रही है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि एनडीए में जुड़ने से जयंत का बहुत फायदा हुआ है। 2014 में मोदी लहर के कारण इनकी पार्टी का खाता भी नहीं खुला था। 2019 में भी वह सपा-बसपा गठबंधन में रहते हुए अपनी सीटें हार गए। जयंत को बागपत और अजीत सिंह को मुजफ्फरनगर सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। 2021 में पिता अजीत सिंह के निधन के बाद जयंत ने रालोद की कमान संभाली। 2022 यूपी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करने पर रालोद को बल मिला। आठ सीटें जीती। इसके बाद खतौली उपचुनाव में भी जीत कर अपनी संख्या बढ़ा ली। अब भाजपा के साथ गठबंधन करने से दोनों दलों को फायदा मिला है। जयंत ने न सिर्फ दो सीटें जीती, बल्कि भाजपा की कई जाट बहुल इलाकों में वोट भी ट्रांसफर करवाए। मथुरा, मेरठ दोनों जगह उन्होंने खूब मेहनत की। इसके साथ ही रालोद के प्रभाव वाली फतेहपुर सीकरी, बिजनौर, अमरोहा, हाथरस, अलीगढ़, पीलीभीत, बरेली सीट भाजपा जीतने में सफल रही। मुजफ्फरनगर में भी जयंत ने पूरी ताकत लगाई, लेकिन दोनों जाट नेता बहुत मजबूत थे। इस कारण भाजपा को कामयाबी नहीं मिल सकी। भाजपा के एक बड़े नेता ने बताया कि लोकसभा चुनाव में देखने को मिला है कि पुराने और स्थापित जाट नेता एकक्षत्र राज के चक्कर में आपस में विवाद कर रहे हैं। जिसका नुकसान पार्टी को हुआ। उससे प्रभावित कई सीटें भाजपा को नुकसान दे गई। पार्टी अब समझ चुकी है। इसी कारण अब जयंत को आगे किया गया है। उन्हें भाजपा के जीते सांसदों से ज्यादा तवज्जो दी गई। उनका लाभ आने वाले विधानसभा या अन्य जातिगत समीकरण को ठीक करने में काम आयेगा। वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सिंह रावत कहते हैं कि भाजपा को जयंत का साथ मिलना फायदा देता दिख रहा है। इस कारण उन्हें खूब तवज्जो भी मिल रही है। जयंत ने न सिर्फ लोकसभा हारे जिलों में भाजपा के लिए सफलता के झंडे गाड़े, बल्कि अपने जाट वोटों पर मजबूत पकड़ का उदाहरण पेश किया। उन्होंने बताया जयंत के माध्यम से नाराज किसानों को अपने पाले में लाने का प्रयास सरकार करेगी। भाजपा हरियाणा और 2027 में होने होने वाले चुनाव के लिए इनके चेहरे का इस्तेमाल कर सकती है।

## न्यूज डायरी

### केंद्रीय कैबिनेट में मुस्लिम मंत्री नहीं बनाए जाने पर तेजस्वी यादव ने कसा तंज



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल में किसी भी मुस्लिम सांसद को शामिल नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सबको साथ लेकर चलना चाहिए, चाहे उनकी धर्म या जाति कुछ भी हो। सभी का सम्मान होना चाहिए। पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि इन लोगों को उन लोगों से घृणा तो है ही। सब लोग यह बात को जानते हैं। सबको साथ लेकर चलना चाहिए, चाहे धर्म या जाति कुछ भी हो। सभी का सम्मान होना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एक बात तो तय हो गई है कि इस बार पीएम मोदी बहुत कमजोर प्रधानमंत्री साबित होंगे। देश की जनता ने इस बार भाजपा को नकार दिया है और 240 सीट पर ले आई। जनता ने एक संदेश दिया है। हम विपक्ष के तौर पर मजबूती से उभरे हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष में ज्यादा सीटों का अंतर नहीं है। लालू यादव के जन्मदिन पर उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश के लोग बधाई दे रहे हैं। हम लोग यही चाहते हैं कि आगे भी वे ऐसे ही जनता की सेवा में लगे रहें। उन्हें सभी लोग गरीबों का मसीहा मानते हैं। इससे पहले सोमवार को भी तेजस्वी यादव ने मंत्रिमंडल में शामिल बिहार के लोगों को बड़ा विभाग नहीं दिए जाने पर केंद्र सरकार पर जोरदार निशाना साधा था। तेजस्वी यादव ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा था कि बहुत चर्चा हो रही थी कि यह विभाग, वह विभाग मिलेगा। लेकिन, आखिरकार बिहार के मंत्रियों को 'झुनझुना' थमा दिया गया। बिहार इस बार सरकार में निर्णायक भूमिका में है। नीतीश कुमार चाहें तो इस बार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल सकता है। जातीय गणना और आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत तक बढ़ाने की मांग को भी आगे बढ़ाना चाहिए।

### जम्मू आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले चार लोगों के शव जयपुर लाये गये

**जयपुर।** जम्मू में बस पर आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले जयपुर जिले के चार लोगों के शव मंगलवार को यहां लाये गये। यहां से शवों को चोमू और मुरलीपुरा में उनके पैतृक स्थानों पर भेजा जाएगा। इस बीच, पीड़ित परिवारों के लिए सरकारी नौकरी और



मुआवजे की मांग करते हुए हजारों लोग यहां रेलवे स्टेशन पर, और चोमू तथा मुरलीपुरा में एकत्र हुए। ट्रेन के जयपुर पहुंचने से पहले ही कई राजनीतिक कार्यकर्ता भी रेलवे प्लेटफॉर्म पर मौजूद थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने भाजपा नेता भूपेंद्र सैनी के खिलाफ नारेबाजी भी की। मुरलीपुरा थाने के बाहर पूजा और लिवांश के परिवार के लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि वे शव तभी स्वीकार करेंगे जब उन्हें न्याय मिलेगा क्योंकि प्रशासन ने अब तक सिर्फ आश्वासन दिया है। आतंकवादी हमले में घायल पवन के चाचा सत्यनारायण ने कहा, हमारी मांगे ऑन द स्पॉट पूरी की जानी चाहिये। कल हम मुख्यमंत्री आवास पर गये थे, और एसडीएम तथा कलेक्टर से मिले थे। लेकिन हमें कोई आश्वासन नहीं मिला। प्रदर्शनकारियों के साथ मौजूद चोमू की निर्दलीय विधायक शिखा मील बराला ने कहा, पूरे शहर से लोग पहुंचे हैं। वे एक सुर में आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। मृतकों के परिवार के एक सदस्य को नौकरी और परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा मिलना चाहिये। अनाथ हुए बच्चों की मुफ्त शिक्षा और चिकित्सा की व्यवस्था की जानी चाहिये। जयपुर के जिलाधिकारी से जल्द से जल्द मांगें पूरी करने के लिए कहा गया है ताकि शवों का अंतिम संस्कार हो सके। आतंकवादी हमले में मारे गये जिले के चार लोग एक ही परिवार से सदस्य हैं। राजेंद्र सैनी (42) और उनकी पत्नी ममता सैनी (40) चोमू की रहने वाली हैं। उनके तीन बच्चे हैं जिन्हें सोमवार शाम तक माता-पिता की मौत की सूचना नहीं दी गई थी। राजेंद्र की भतीजी पूजा सैनी (30) और पूजा का दो साल का बेटा लिवांश उर्फ किट्टू भी हमले में मारे गये थे। पूजा के पति पवन सैनी (32) भी घायल हो गये हैं। उन्हें कटरा में नारायण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था और बाद में अस्पताल के छुट्टी दे दी गई थी। विरोध-प्रदर्शनों को देखते हुए चोमू में थाने की सुरक्षा बढ़ी दी गई है। छह थानों की पुलिस को वहां तैनात किया गया है।

### यूपी के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने दिया इस्तीफा



**लखनऊ।** केंद्र सरकार में वाणिज्य, उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री तथा विधान परिषद सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया। इसकी पुष्टि उनके कार्यालय से हुई है। यूपी की पीलीभीत लोकसभा सीट से चुनाव जीतने वाले जितिन प्रसाद ने 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्र में मंत्री पद की शपथ ली थी। इसके बाद उन्हें वाणिज्य, उद्योग और सूचना मंत्रालय के राज्यमंत्री की अहम जिम्मेदारी दी गई। उत्तर प्रदेश से वह ब्राह्मण चेहरे के तौर पर मोदी सरकार में शामिल हुए हैं। जितिन प्रसाद ने एक दशक के बाद केंद्रीय कैबिनेट में वापसी की है। इससे पहले मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में जितिन प्रसाद सबसे युवा मंत्रियों में से एक थे। जितिन प्रसाद जून 2021 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ गए थे। उनका राजनीतिक करियर यूथ कांग्रेस से शुरू हुआ था और वे यूपीए सरकार में मंत्री भी रहे। ज्योतिरादित्य सिंधिया की तरह ही जितिन प्रसाद भी पारिवारिक तौर पर कांग्रेस से जुड़े थे। उनके पिता जितेंद्र प्रसाद और बाबा ज्योति प्रसाद कांग्रेस के अहम चेहरे रहे थे। मौजूदा केंद्र सरकार में जितिन प्रसाद को तराई बेल्ट में ब्राह्मणों की राजनीति को साधने के लिए मंत्री पद से नवाजा गया है। इससे पहले ब्राह्मण चेहरे के रूप में अजय मिश्र टेनी को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। लेकिन, इस बार वह चुनाव हार गए। वरुण गांधी की सीट से चुनाव लड़कर जितिन प्रसाद संसद पहुंचे हैं।

# भूख हड़ताल के चौथे दिन जरांगे-पाटिल की हालत बिगड़ी, कहा- नहीं कराएंगे इलाज



**जालना (महाराष्ट्र)।** मराठा आरक्षण के लिए अपने पांचवें अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आंदोलन के चौथे दिन मंगलवार को शिवबा संगठन के प्रमुख मनोज जरांगे-पाटिल की तबीयत बिगड़ गई, लेकिन उन्होंने इलाज कराने से इनकार कर दिया। एक सहयोगी ने कहा कि एक मेडिकल टीम ने जरांगे-पाटिल की जांच की और पाया कि वह कमजोरी, लो ब्लड प्रेशर, कम वजन और दूसरी बीमारियों से पीड़ित हैं। हालांकि, उन्होंने कोई भी दवा लेने से इनकार कर दिया है और कहा कि मराठा आरक्षण पर सरकार द्वारा मांगें माने जाने तक भूख हड़ताल जारी रहेगी। मंगलवार को उनकी जांच करने वाली एक सरकारी अस्पताल की टीम के एक डॉक्टर ने कहा कि मराठा नेता को तुरंत इलाज की जरूरत है, लेकिन वह इलाज कराने के लिए तैयार नहीं हैं। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में जरांगे-पाटिल ने कहा, मेरा अनशन जारी रहेगा...कुछ लोग आंदोलन को कमजोर करने के लिए मराठों से बातें कर रहे हैं, लेकिन यह काम नहीं करेगा। सरकार को लंबित मांगों का तत्काल समाधान निकालना चाहिए। राज्य मंत्री छगन भुजबल के सोमवार को दिए गए बयान कि महायुति के लिए लोकसभा चुनाव पर 2023-2024 के मराठा आंदोलन का कोई असर नहीं पड़ा है, जरांगे-पाटिल ने कहा, थोड़ा और इंतजार कीजिए और आपको पता चल जाएगा। इससे पहले, शिवबा संगठन के नेता ने चेतावनी दी थी कि अगर सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल रही तो वह अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेंगे। लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के चार दिन बाद, जरांगे-पाटिल ने 8 जून को अपने पैतृक गांव अंतरावली-सरती में भूख हड़ताल के साथ अपना नया आंदोलन शुरू किया।

# एनडीए के घटक दलों को 'झुनझुना मंत्रालय' थमा दिया गया है : संजय सिंह



**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। इस पर विपक्षी दल सवाल भी उठा रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने कहा कि एनडीए के घटक दलों को 'झुनझुना मंत्रालय' थमा दिया गया है। संजय सिंह ने कहा कि गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, वाणिज्य, सड़क, रेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल शक्ति, पेट्रोलियम और दूरसंचार मंत्रालय नहीं, एनडीए के घटक दलों के हिस्से में सिर्फ 'झुनझुना मंत्रालय' आया है। भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी और घटक दलों को दबाती है, यह बात मंत्रालय के बंटवारे के बाद सामने आ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी भाजपा किसी के साथ सहयोगी बनकर काम करती है तो उसका सब कुछ छीन लेती है। शरद पवार की घड़ी चुरा ली। उद्धव ठाकरे का तीर-कमान चुरा लिया। भाजपा हर राज्य में तोड़फोड़ की राजनीति करती है। पार्टियों को तोड़ती है। सरकार गिराती है। उन्होंने 10 साल में यही काम किया। भाजपा ने एनडीए के घटक दलों को जो मंत्रालय दिया है, उसके बाद अगला कदम उनकी पार्टियों को खत्म करने का होगा। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि अगर गलती से भाजपा का स्पीकर बन गया तो तीन बड़े बदलाव होंगे। पहला बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को खतरा है।

दूसरा खतरा यह है कि जितनी भी पार्टियां उनके साथ मौजूद हैं, चाहे टीडीपी हो, आरएलडी हो, पवन कल्याण की पार्टी हो या फिर जयंत चौधरी की पार्टी हो या फिर कोई अन्य पार्टी, सभी के नेताओं को तोड़कर वह भाजपा में मिला लेंगे। तीसरा कोई भी मनमाना बिल भाजपा संसद में लेकर आएगी और किसी सांसद ने उसके खिलाफ अगर आवाज उठाई तो उसे मार्शल से बाहर फेंकवा देंगे। अपने पिछले कार्यकाल में मोदी जी ने 150 से ज्यादा सांसदों को बाहर करवा दिया था।

# मध्य प्रदेश में किसानों और उपभोक्ताओं को 24,000 करोड़ की बिजली सब्सिडी मिलेगी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बाद मोहन यादव सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। राज्य के किसानों और आम उपभोक्ताओं को बिजली में दी जाने वाली 24,000 करोड़ की सब्सिडी मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश सरकार ने किसानों और आम उपभोक्ताओं के हित में बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट की बैठक में 24,420 करोड़ की बिजली सब्सिडी मंजूर की गई। घरेलू उपभोक्ताओं को 6,000 करोड़ की सब्सिडी दी गई है। किसानों को 13,000 करोड़ और अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों के लिए 5,000 करोड़ की सब्सिडी मंजूर की गई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए भी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। स्वास्थ्य विभाग में जो पदोन्नति से पद भरे जाने हैं, उनके लिए अगर योग्यताधारी नहीं मिल रहे हैं तो उन पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। कुल 1,214 पद हैं, इनमें से 50 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में नए पदों का सृजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य मानक के अनुसार 46,491 नए पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है। इसमें तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के साथ पैरामेडिकल स्टाफ शामिल हैं। इसी तरह पैरामेडिकल स्टाफ के पदों का सृजन कर स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि राज्य में तीन विश्वविद्यालय, अवंती बाई विश्वविद्यालय, टंट्या भील विश्वविद्यालय और तात्या टोपे विश्वविद्यालय, स्थापित किए गए हैं। तीनों विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा विभाग से जोड़कर उनकी जरुरतों की पूर्ति करने का निर्देश दिया गया है। भोपाल के गैस हादसे के पीड़ितों के अस्पताल में प्रतिनियुक्ति पर भी चिकित्सक भेजे जा सकेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार ने गोवंश संरक्षण को लेकर भी बड़ा फैसला लिया है। इसके मुताबिक इस वर्ष 'गोवंश रक्षा वर्ष' मनाया जाएगा। यह गुड़ी पड़वा से शुरू होकर अगले वर्ष तक मनेगा। इस दौरान गौशालाओं को उन्नत किया जाएगा। सड़क पर घूमने वाले गोवंश को गौशाला में पहुंचाया जाएगा।

# एनडीए ने भले सरकार बना ली, खुश कोई नहीं है : अखिलेश यादव



**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को सैफई में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एनडीए ने भले ही सरकार बना ली है। लेकिन, इसके बावजूद भी उनके चेहरों पर खुशी नहीं दिखाई दे रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि जिन्होंने शपथ ली है, वह भी खुश नहीं हैं। सरकार बनाने वाले भी खुश नजर नहीं आ रहे हैं।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि एनडीए की सरकार बनने के बाद जनता में भी खुशी का एहसास नहीं है। केंद्र में सरकार बनाने वालों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने नए मंत्रिमंडल को लेकर कहा कि ये जैसे 2024 साल बदला है, समय बदला है, ऐसे ही आगे सबकुछ बदला दिखाई देगा। अगर एनडीए की बजाय इंडिया गठबंधन की सरकार बनती तो निश्चित है कि देश में कुछ ना कुछ नया होता। केंद्र में नवगठित एनडीए सरकार से देशवासियों को कुछ भी नया नहीं मिलने वाला है। अगर यही हाल रहा तो उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। करहल विधानसभा सीट छोड़ने को लेकर उन्होंने कहा कि मैंने पदाधिकारियों, कार्यकताओं से बात की। दो जगह से जीत पर एक जगह की सीट छोड़ने पड़ेगी। आपके सामने बहुत जल्द निर्णय होगा।

# बिहार के जमुई में भीषण सड़क हादसा, तीन युवकों की मौत



**जमुई।** बिहार के जमुई में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे ईंट के ढेर से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना चकाई-देवघर मुख्य मार्ग के अंडीडीह मोड़ के पास घटी है। हादसे में कार के परखच्चे भी उड़ गए। घटना के बाद चंद्रमंडी पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। बताया जा रहा है कि देर रात को तीनों युवक पटना से देवघर जा रहे थे। इसी दौरान अंडीडीह गांव के पास कार चला रहे युवक को नींद आ गई। जिससे तेज रफ्तार कार सड़क किनारे रखे ईंट से टकराते हुए पलट गई। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि युवक तेज रफ्तार से कार चलते हुए देवघर की तरफ जा रहे थे। सड़क किनारे ईंट रखी हुई थी, उससे टक्कर गई और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना ग्रामीणों ने चंद्रमंडी थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जेसीबी और गैस कटर की मदद से गाड़ी में फंसे तीन युवकों को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें स्थानीय रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान गोरेलाल यादव, अमन कुमार और संतोष कुमार यादव के रूप में हुई है। चंद्रमंडी थाने के पुलिस अधिकारी लक्ष्मण कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में तीन युवक की मौत हो गई है। सभी पटना के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

# यूपी के इन सांसदों के दोषी पाए जाने पर छिन सकती है सदस्यता



**लखनऊ।** इंडिया ब्लॉक के कम से कम छह नवनिर्वाचित सांसदों के अलावा एक अन्य सांसद पर कई तरह के आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में उन्हें दो वर्ष से अधिक की सजा हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो इन सांसदों की सदस्यता खत्म की जा सकती है। गाजीपुर सीट से जीतने वाले अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में पहले ही चार साल की सजा सुनाई जा चुकी है। पिछले महीने इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उनकी सजा पर रोक लगा दी थी और इससे उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति मिल गई। इस मामले की सुनवाई जुलाई में होनी है। अगर अदालत ने अंसारी की सजा बरकरार रखी तो उनकी लोकसभा सदस्यता जा सकती है। आजमगढ़ सीट से जीतने वाले धर्मेंद्र यादव के खिलाफ भी चार मामले लंबित हैं, अगर उन्हें दो साल की सजा होती है तो उनकी सदस्यता भी जा सकती है। जौनपुर सीट से जीते बाबू सिंह कुशवाहा पर एनआरएचएम घोटाले से जुड़े कई मामले चल रहे हैं। यह घोटाला उस समय का है जब वह मायावती सरकार में मंत्री हुआ करते थे। उनके खिलाफ 25 मामले दर्ज है, जिसमें से आठ में आरोप तय हो चुके हैं। सुल्तानपुर सीट से भाजपा की मेनका गांधी को हराकर जीतने वाले राम भुआल निषाद पर आठ मामले दर्ज हैं, जिनमें से एक मामला गैंगस्टर एक्ट के तहत भी है। वे 2024 के लोकसभा चुनाव के ह्यकमजोरह्न विजेताओं में भी शामिल हैं। चंदौली लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री महेंद्र नाथ पांडे को हराने वाले वीरेंद्र सिंह पर भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। सपा के यह नेता अगर दोषी पाए गए तो यह उनके लिए बुरी खबर हो सकती है। वहीं सहारनपुर सीट से कांग्रेस के इमरान मसूद के खिलाफ भी आठ मामले दर्ज हैं। इनमें से एक मामला मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है, जिसे ईडी ने दर्ज किया है। वहीं दो मामलों में उनके खिलाफ आरोप तय हो चुके हैं। नगीना आरक्षित सीट से जीतने वाले आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार चंद्रशेखर आजाद पर 30 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। अगर उन्हें किसी एक मामले में दो साल से ज्यादा की सजा होती है तो यह उनके राजनीतिक करियर के लिए बुरा होगा। गौरतलब है कि आपराधिक मामलों में दोषी पाए जाने के बाद कई राजनीतिक नेताओं को अपनी सदस्यता खोनी पड़ी है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। बुधवार 12 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित










# विधायक अफसर की जंग में क्यों खामोश है भाजपा हाईकमान
# मेयर के बाद विधायक का है रोष ना जाने संगठन क्यों है खामोश

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकारों का काम जन योजनाओं का लागू करना होता है कानून व्यवस्था को लागू करना होता है और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश उसके जनप्रतिनिधि देते हैं। वो अपनी सरकार के समर्थन में रहते हैं। वहीं शासन और प्रशासन के अधिकारी भी शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हैं। लेकिन अगर सरकार के अफसरों को





लेकर जनप्रतिनिधि यानी सरकार के विधायक, सरकार के सांसद, सरकार की मेयर मोर्चा खोल दें तो ये लक्षण कहीं से कहीं तक ठीक नहीं है। क्योंकि ऐसा होने पर स्थिति एक हाथ से ताली बजने वाली नहीं है। या तो जनप्रतिनिधि गलत मांग उठा रहे हैं। या फिर अधिकारी सही बात का संज्ञान नहीं ले रहे हैं। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच सरकार में खींचतान क्यों हो रही है इस पर अक्सर पार्टी आलाकमान से लेकर शीर्ष के सत्ताधारी चेहरों को खामोशी साधे हुए देखा गया है। अगर कभी ऐसा गतिरोध आता भी है तो पार्टी के शीर्ष नेता, संगठन के शीर्ष नेता इन मामलों में पहल करते हैं और मामले का समाधान कराते हैं। अधिकारियों को लेकर कभी सरकार बचाव में रहती भी है और कभी नहीं भी रहती।



गौरतलब है कि भाजपा के विधायकों का मोर्चा कई बार पुलिस से खुला और भाजपा वालों को ही अपनी सरकार में नारे लगाने पड़े, धरना देना पड़ा। भाजपा पार्षदों ने इन्दिरापुरम थाने में धरना दिया। एक मामले में तत्कालीन मेयर आशा शर्मा और तत्कालीन विधायकों को पुलिस अधिकारी के यहां जाना पड़ा। पूरा कार्यकाल इसी तकरार में बीत गया कि सरकार के अधिकारी नहीं सुनते हैं। जाहिर सी बात है कि अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप और कानून की किताबों के आधार पर काम करते हैं तो वहीं जनप्रतिनिधि अपने कार्यकर्ता की पैरवी और जमीनी हकीकत को ज्यादा महत्व देते हैं। यहां पर कोई भी सही गलत हो सकता है। मगर ऐसे मामले अक्सर होने लगें तो फिर ट्यूनिंग एरर कौन ठीक करेगा। इस पर चर्चा होना जरूरी है। सरकार दूसरी बार आई है लेकिन ये तकरार साथ में आई है। अधिकारी नहीं सुन रहे हैं तो फिर इस मामले की जिम्मेदारी किसकी है। पार्टी के विधायक लगातार कह रहे हैं लगातार लैटर लिख रहे हैं और संगठन से लेकर सरकार का कोई व्यक्ति इस पर संज्ञान क्यों नहीं ले रहा है। हो सकता है संज्ञान न लेने के पीछे अधिकारियों द्वारा जो रिपोर्ट सरकार को बताई जा रही हो उसमें दम हो। सवाल यह है कि सही और गलत का आकलन करने में इतनी देरी क्यों हो रही है। वर्तमान में चल रहे मुद्दे को लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की खामोशी हैरान कर देने वाली है। सरकार के विधायक ने लगातार लैटर लिखे और इन पत्रों का एक संदेश होता है। सरकार का संदेश बाहर जाता है लोग देखते हैं। सत्ताधारी दल के विधायक रोज एक पुलिस अधिकारी पर आरोप लगा रहे हैं। हालांकि अधिकारी भी सरकार की मंशा का ध्यान रखते हुए विधायक के पत्रों पर कोई टिप्पणियां नहीं दे रहे हैं। यह विषय सांसद से लेकर मंत्रियों तक की जानकारी में है। तो फिर क्यों इसमें कोई बीच का रास्ता नहीं निकाला जा रहा। अगर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच ट्यूनिंग नहीं बैठेगी तो इसका संदेश जनता में कैसा जाएगा। इसके बारे में कोई भी आकलन कर सकता है।

## कैबिनेट मंत्री और सांसद भी रख चुके हैं इस मुद्दे पर अपनी बात

करंट क्राइम। सरकार वालों को खबर ना हो ऐसा नहीं हो सकता और जिस मामले की पूरे शहर को खबर है तो क्या भाजपा का नेतृत्व उस खबर से बाखबर है या बेखबर है। पार्टी आला कमान का अपना सूचना तंत्र होता है उनका अपना नेटवर्क होता है और इससे पहले की सरकार और पार्टी के बीच गतिरोध आये उससे पहले ही मामले को सुलझाया जाता है। ऐसा नहीं है कि सरकार वालों को खबर नहीं है। विधायक ने जब पहला लैटर लिखा तो उस मैटर में उन्होंने रणनीति शब्द जोड़ा। हालांकि जब करंट क्राइम ने विधायक के अल्फाजों को लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से तस्दीक की तो उन्होंने अपने बयानों को करेक्ट किया। उन्होंने कहा कि बैठक हुई थी कई मुद्दों पर विचार हुआ था और उन्हीं में एक मुद्दा यह भी था कि पुलिस अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। फिर इस विषय पर यह भी हुआ कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप इस मामले को रखें और फिर वो भी साइलेंट हो गये। लेकिन इसके बावजूद यह मामला अभी सुलझ नहीं पाया है।

### जनप्रतिनिधियों की हताशा और विपक्ष देख रहा है तमाशा

करंट क्राइम। मुद्दा ये नहीं है कि कौन सही है और कौन गलत है। मुददा ये है कि जब सरकार के जनप्रतिनिधि अगर किसी अधिकारी को लेकर आरोप लगा रहे हैं तो फिर दोनों तरफ के मामलों का संज्ञान लिया जाना चाहिए। यहां जिन अधिकारी से तकरार चल रही है उनकी मजबूत पुलिसिंग के रिजल्ट आज सबके सामने हैं। वहीं विधायकों की सुरक्षा का मामला भी अपने आपमें अहम है। कई बार आरोपों में उन शब्दों का भी इस्तेमाल हो जाता है जिनकी जरूरत नहीं होती। फिर भी जनता से चुनकर आए हुए जनप्रतिनिधि का क्षेत्र में अपना सम्मान होता है। उसके साथ जो भी कुछ हो रहा है उसके मैसेज क्षेत्र में जाते हैं, तमाम चर्चाएं होती हैं। पहले भी पार्षद मामले में भी पुलिस अधिकारी का मेयर से विवाद हो चुका है। मेयर ने 4 जून का अल्टीमेटम दिया था और 4 जून भी निकल गई। सवाल किसी तारीख के अल्टीमेटम का नहीं है, सवाल यह है कि अधिकारी को कानून का पालन करना है और जनप्रतिनिधि को पार्टी के कार्यकर्ता के हितों की सुरक्षा करनी है। ऐसे में जब यह स्थिति बने तो इसे कैसे व्यवस्थित किया जाए। इस पर जल्द एक्शन होना चाहिए, नहीं तो विवाद बड़ा रूप ले लेता है।

### भाजपा की लड़ाई विपक्ष से नहीं होती वो खुद विपक्ष बन जाती है

करंट क्राइम। भाजपा को लगातार जनादेश मिला है और अगर वर्ष 2017 की सरकार से देखें तो ये पता है कि भाजपा की लड़ाई अपनी सरकार में कभी विपक्ष से होती ही नहीं। भाजपा की तकरार ही अपनी सरकार में अधिकारियों से होती है। कभी मंडल वालों से तकरार हो जाती है कभी निगम वालों से झगड़ा हो जाता है। कभी विधानसभा वाले बयान देते हैं। आखिर भाजपा में ऐसा क्या है कि यहां सब उलझ रहे हैं और इस गुत्थी को कोई सुलझाने को तैयार नहीं हैं। आखिर कोई तो होगा जो सही को सही और गलत को गलत कहे। भाजपा में एक नहीं ऐसे कई उदाहरण है जब भाजपाई अपनी सरकार में उलझ रहे हैं अपनी सरकार की आलोचना कर रहे हैं।

### शीर्ष नेतृत्व अगर दे ध्यान तो हो सकता है विवाद का समाधान

करंट क्राइम। सरकार जब बनती है तो कुछ मामले लिखित ना होकर मौखिक होते हैं। कुछ मामलों में संगठन वालों की सरकार से ज्यादा चलती है। कुछ मामलों में सरकार वाले अपनी बात रखते हैं लेकिन ऐसा कभी नहीं होता कि संगठन और सरकार वाले मिलकर किसी मामले में कोई फैसला ना ले सकें। अगर सरकार के अधिकारियों का विवाद जनप्रतिनिधियों से सुलझ नहीं रहा है तो इस पर सरकार के शीर्ष नेतृत्व को ध्यान देने की जरूरत है। एक विवाद के चलते दोनों तरफ की कार्यक्षमता पर फर्क पड़ता है। जनता से जुड़े हुए मुख्य मुद्दे भटकते हैं। सवाल किसी पर एक्शन लेने का नहीं है, सवाल यह है कि जब इस तरह की परिस्थितियां बनती हैं तो उस पर तत्काल रिएक्शन लेने में मजबूत चेहरे क्यों खामोश हो जाते हैं।

अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच का यह संघर्ष भले ही आज समाप्त हो जाए। लेकिन इस बात की क्या गारंटी है कि भविष्य में जब नए अधिकारी कमान संभालेंगे तो कोई विवाद नहीं होगा। यहां यक्ष प्रश्न यह उठ रहे हैं कि क्या अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के बीच टकराव के चलते बैठे-बैठाए मुद्दे विपक्ष को बिना मांगे दिए जा रहे हैं। विवाद को खत्म करने की पहल कौन करेगा, यह देखना बाकी है। दोनों पक्षों की लड़ाई निजी नहीं बल्कि अपने-अपने उसूलों और मुद्दों के आसपास परिक्रमा कर रही है।

# विधायक नन्द किशोर गुर्जर की तरकश से लगातार निकल रहे हैं लैटर वाले तीर

## अब लगाया भाजपा के प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी की सुरक्षा में लापरवाही का आरोप और लिखा पत्र

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा विधायक नन्द किशोर गुर्जर लगातार पत्र लिख रहे हैं वो शासन तक गाजियाबाद की कानून व्यवस्था को लेकर लैटर लिख रहे हैं। उन्होंने एक बड़े पुलिस अधिकारी पर राजनीति करने का भी आरोप लगाया और मंगलवार को भी लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की लैटर वॉर जारी रही। विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने पत्र लिखा और कहा कि बसंत त्यागी भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं वो पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे हैं जिला प्रभारी रहे हैं। मौजूदा समय में वो जिला पंचायत अध्यक्ष पति और वर्तमान में भाजपा के प्रदेश मंत्री भी हैं। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने अपने पत्र में लिखा कि बसंत त्यागी को 22 फरवरी 2024 को फोन कॉल के माध्यम से जान से मारने की धमकी दी गई थी। लेकिन पुलिस प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की और फिर उन्हें पुनः धमकी दी गई। लोनी विधायक ने अपने पत्र में लिखा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरक्षित नहीं है उन्होंने पुलिस की कार्यशैली को लेकर सवाल उठाया और विधायकों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं की हत्या की आशंका जताई। उन्होंने नन्दग्राम पुलिस चौकी के पास सरार्फा व्यापारी के साथ हुई लूट का जिक्र किया और लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने अपने पत्र में दोषियों को गिरफ्तार करने और भाजपा नेता बसंत त्यागी को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।





# भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी ने आरडीसी के अतिक्रमण को लेकर छेड़ दिया अभियान

## कहा रेस्टोरेंट मालिक ने निगम की सड़क तक घेर कर बना ली अपनी दुकान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर के अतिक्रमण को लेकर पहले से आवास उठती रही है। यहां कार डीलरों द्वारा अतिक्रमण की शिकायतें मिलती हैं।

सड़कों के किनारे कई स्थानों पर अतिक्रमण हैं। कुछ दिन पहले राजनगर के पार्षद और पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने करंट क्राइम के साथ ये बात साझा की थी, संकेत दिये थे कि आरडीसी में अतिक्रमण को लेकर अभियान चलायेंगे।

होटल व रेस्टोरेंट वालों ने कई स्थानों पर सड़कों पर अतिक्रमण कर लिया है। जिससे पार्किंग की समस्या हो रही है। लेकिन फिर वो खामोश हो गये थे। अब उन्होंने फिर से अभियान का ऐलान किया है तो ये माना जा सकता है कि क्षेत्रीय पार्षद प्रवीण चौधरी आचार संहिता के चलते साईलेंट मोड पर रहे हों। लेकिन अब वो इस अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाने जा रहे हैं। निगम पार्षद प्रवीण चौधरी ने करंट क्राइम को कुछ फोटो भेजे है जिसमें आरडीसी में स्थित एक रेस्टोरेंट का जिक्र किया है और बताया है कि यहां पर रेस्टोरेंट के मालिक ने नगर निगम द्वारा लगायी गई घास उखाड़कर टाईल्स लगा दी हैं और अपनी दुकान का क्षेत्र वहां तक बढ़ा लिया है।







प्रवीण चौधरी ने कहा कि ये कानून का उल्लंघन है और ये अतिक्रमण है और यह सरकारी सम्पत्ति को भी नुकसान पहुंचाने का मामला है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले यहां सबमर्सिबल लगवाया गया था। निगम पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा कि नगर निगम की भूमि पर किसी का कब्जा नहीं करने दिया जायेगा। रेस्टोरेंट संचालकों ने कई स्थानों पर निगम की सड़क घेर ली है। उन्होंने कहा कि नगर निगम की घास उखाड़कर टाईल्स बिछाने वाले रेस्टोरेंट के मालिक के खिलाफ कार्यवाही होगी। निगम पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा कि ये अभियान लगातार चलेगा और केवल एक रेस्टोरेंट संचालक नहीं है बल्कि यहां कई रेस्टोरेंट है। आरडीसी में कई ऐसे कई मामले हैं। अतिक्रमण का जाल हो गया है और अभियान चलाकर आरडीसी को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा।

# भूमिगत जल को बचाने के लिए बनानी होगी अलग फोर्स, गर्मियों में होना चाहिए पानी के अत्यधिक इस्तेमाल पर प्रतिबंध





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अभी तक सुरक्षा पर्यावरण की हो रही थी और गर्मी के इस मौसम में एनसीआर के लोगों ने यह महसूस कर लिया कि अगर वन नहीं होंगे तो जीव नहीं होंगे और फिर जीव और वन से मिलकर जीवन नहीं होगा। पर्यावरण को लेकर संदेश दिया जा रहा है। अब जल के अत्याधिक दोहन और जल के दुर्पयोग को लेकर सवाल उठा है। जब गाजियाबाद में भूमिगत जल का स्तर घट रहा है तो ये एक बड़ी चुनौती जल संरक्षण के लिए है। यदि आज जल नहीं बचाया गया तो कल यह बड़ा संक ट होगा। जल को बचाने के लिए पानी की बरबादी को रोकना होगा। जिस तरह से पहले पेड़ों को लेकर नियम है, धूल को लेकर नियम है उस तरह से गर्मी के मौसम में जल को लेकर नियम भी आना चाहिए। निगम द्वारा जिस तरह स्वच्छता की मुहीम चलाई गई है और अवार्ड मिला है। इसी तरह निगम जल संरक्षण की मुहीम चलाये और गाजियाबाद भूमिगत जल संरक्षण के क्षेत्र में एक आदर्श शहर बने। जिस तरह से खुले में शौच के खिलाफ सख्ती दिखाई गई थी उसी तरह भूजल बचाने के लिए भी अभियान चले क्योंकि जल बचेगा तो जीवन बचेगा। जो लोग गर्मी के मौसम में रैम्प और गाड़िया धोंने में जल को बर्बाद कर रहे हैं उन पर प्रतिबंध लगाया जाये। नए मकानों के निर्माण को लेकर ये नियम बने कि इस मौसम में तराई के लिए जल बर्बाद नहीं होगा। रैम्प की धुलाई मेंपानी की बबार्दी नही होगी।

### यदि मेयर करें आदेश तो बदल सकता है पूरा परिवेश : वीरेन्द्र सारस्वत

करंट क्राइम। वीरेन्द्र सारस्वत का जल से पुराना नाता है वो उत्तर प्रदेश जल निगम के पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष रहे हैं। कर्मचारी महासंघ के पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष रहे हैं। वह स्वच्छता समिति से भी जुडे रहे हैं और सहकारिता के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। उनका कहना है कि यदि वरिष्ठ नागरिकों को साथ लेकर एक अभियान के रूप में जल संरक्षण किया जाये तो इसके सकारात्मक नतीजे निकलेंगे। उन्होंने कहा कि यदि मेयर इस मामले में आदेश करें तो जनसहयोग से परिवेश को बदला जा सकता है। हम पूरे देश में एक ऐसा नगर निगम दे सकते हैं जिसने जल बचाकर पानी की धारा को मोड़ा हो। 44 डिग्री तापमान में जल संरक्षण करना सबसे बड़ी जरूरत है। जल बचाने के लिए लोग आगे आयें। हम शुरूआत करेंगे तो ये शुरूआत होगी। जो लोग जल बर्बाद करते हैं उन पर भी कार्यवाही होनी चाहिए और गर्मी के मौसम में पूरी तरह से रैम्प धौने और कार धोने पर पाबंदी होनी चाहिए। जो काम धूल पोंछ कर चल सकता है उसके लिए जल बर्बाद नहीं होना चाहिए।



### भवन निर्माण से लेकर टैक्स के समय लिया जाये जल संरक्षण का हिसाब

करंट क्राइम। जल संरक्षण को लेकर जागरूकता के लिए वरिष्ठ नागरिक तैयार हैं। उनका कहना है कि जब लोग भवन निर्माण के लिए एनओसी लेने जाते हैं तो उस समय उनसे पूछा जाये कि वे जल संरक्षण के लिए क्या करेंगे। वॉटर हार्वेस्टिंग के साथ साथ अन्य तरीकों की जानकारी दी जाये। जो लोग जल संरक्षण कर रहे हैं उनको टैक्स में छूट दी जाये। सबसे बड़ी बात ये है कि भूजल दोहन को रोका जाये। सबमर्सिबल पम्प को लेकर नीति तैयार की जाये। निगम मापदंड तैयार करे और यह भी तय हो कि सबसर्मिबल पम्प कितनी भूमि के लिए लगाय जा सकता है। अगर जल बचाना है तो सबको एकसाथ आना है।

## संपादकीय

# आतंकवाद बड़ी चुनौती

आतंकवाद हमारे लिए किसी चुनौती से कम नहीं बना है। हालांकि केंद्र सरकार का दावा है कि कश्मीर में अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद दहशतगर्दी में भारी कमी आई है और आतंकी संगठन कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं मगर लगातार कुछ-कुछ अंतराल पर जिस तरह आतंकी घात लगा कर हमले कर रहे हैं, उससे इस दावे पर यकीन करना मुश्किल लगता है। आतंकवादी लगातार अपनी रणनीति बदलते देखे जा रहे हैं। वे कभी सशस्त्र बलों को निशाना बनाते हैं, तो कभी बाहरियों, कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बनाया जाता है। अब वहां जा रहे सैलानियों पर हमले हो रहे हैं। पिछले महीने पहलगाम में सैलानियों पर हमला किया गया था। अब कटरा जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस को निशाना बनाया गया, जिसके चलते बस खाई में गिर गई। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई और इकतालीस से अधिक लोग घायल हैं। पर्यटन कश्मीरी लोगों की आजीविका का बड़ा आधार है। इस तरह के हमलों से पर्यटन पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे हमले नब्बे के दशक में बढ़ गए थे, मगर लंबे समय से सैलानियों को निशाना नहीं बनाया जा रहा था। अब ऐसा दिख रहा है तो इसकी वजहें भी साफ हैं। पर्यटकों पर हमले के पीछे आतंकवादी संगठनों का मकसद घाटी में बाहर के लोगों की आवाजाही रोकना होता है। बाहरी मजदूरों और कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बना कर हमले करने के पीछे भी उनका मकसद यही है। मगर अब जिस तरह बड़ी संख्या में सैलानियों और श्रद्धालुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उससे जाहिर है कि आतंकी लोगों में भय पैदा करना चाहते हैं मगर इसे लेकर स्थानीय लोगों में किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दिख रही है, तो हैरानी की बात है, क्योंकि इससे उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा।

पिछले दस वर्षों में बेशक पत्थरबाजी और आंदोलन वगैरह की घटनाएं कम हुई हैं, आतंकी हमलों में मरने वालों की संख्या भी घटी है, मगर हकीकत यही है कि दहशतगर्दी किसी भी रूप में कम नहीं हुई है। दस वर्ष पहले और बाद के आंकड़ों की तुलना से साफ पता चलता है कि आतंकी हमले बढ़े हैं। इस दौरान बेशक बड़ी तादाद में आतंकवादी मारे गए हैं, मगर दहशतगर्दों की भर्ती में भी तेजी आई है। उन्हें स्थानीय लोगों का समर्थन मिल रहा है इसलिए यह स्वाभाविक ही पूछा जा रहा है कि जब सीमा पर चौकसी बढ़ी है, तलाशी अभियान तेज हुए हैं, दहशतगर्दों की वित्तीय मदद पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, तो उन्हें भर्तियां करने और साजो-सामान जुटाने में कामयाबी कैसे मिल रही है।

पिछले दस वर्षों में जिस तरह सुरक्षाकर्मियों, सैलानियों, श्रद्धालुओं और बाहर से मजदूरी वगैरह करने गए लोगों को निशाना बना कर हत्याएं की गई हैं, उससे यह सवाल निरंतर गाढ़ा होता गया है कि आखिर यह सिलसिला कब रुकेगा। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की रपट के मुताबिक ऐसे हमलों में पाकिस्तान के प्रशिक्षित दहशतगर्दों का हाथ होता है, स्थानीय लोग उन्हें सूचनाएं उपलब्ध कराते हैं। अगर सीमा पर चौकसी सख्त की गई है, तो फिर सीमा पार से आतंकियों की घाटी में पैठ कैसे हो पा रही है। अगर खुफिया तंत्र पहले से चौकन्ना हुआ है, तो आतंकी कैसे सेना के काफिले पर हमला कर देते हैं और पहले से हमारी सुरक्षा एजेंसियों को इसकी भनक क्यों नहीं लग पाती?

# अदाणी डिफेंस व एयरोस्पेस ने यूएई के एज ग्रुप के साथ की रणनीतिक साझेदारी

**अहमदाबाद।** अदाणी डिफेंस और एयरोस्पेस की ओर से मंगलवार को कहा गया कि उसने एज ग्रुप के साथ एग्रीमेंट किया है। इसके तहत दोनों कंपनियां मिसाइल, हथियार, मानवरहित प्लेटफॉर्म और साइबर सिस्टम में रणनीतिक क्षमता साझा करेंगी। एज ग्रुप यूएई की कंपनी है, जो कि एडवांस टेक्नोलॉजी और डिफेंस में कारोबार करती है।



इस एग्रीमेंट के तहत दोनों कंपनी साथ मिलकर भारत और यूएई में आरएंडडी और डिफेंस एवं एयरोस्पेस की प्रोडक्शन और रखरखाव की सुविधाएं लगाएंगी। ये सुविधाएं इन दोनों बाजारों के अलावा दक्षिण पूर्व एशिया और अन्य वैश्विक बाजारों को टारगेट करेंगी। दोनों कंपनी की ओर से कहा गया कि इस साझेदारी का उद्देश्य एक ऐसा वैश्विक प्लेटफॉर्म स्थापित करना है, जिसके जरिए दोनों कंपनियों की क्षमताओं को एक साथ लाया जा सके और वैश्विक एवं स्थानीय ग्राहकों की जरूरतों को पूरा किया जा सके। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ, आशीष राजवंशी ने कहा कि हमारी साझेदारी डिफेंस सुविधाओं को बढ़ाने, टेक्नोलॉजिकल एडवांस को लेकर हमारी प्रतिबद्धता और भारत एवं यूएई के बीच डिफेंस साझेदारी के एक नए दौर की शुरूआत है।

एज और अदाणी ग्रुप के बीच समझौते में कंपनियों के प्रोडक्ट डोमेन में साझेदारी को बढ़ाया जाएगा। इसमें हवाई, सतह, पैदल सेना, गोला-बारूद और एयर डिफेंस प्रोडक्ट्स प्लेटफार्मों और प्रणालियों को कवर करने वाली मिसाइलें और हथियार, मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस), युद्ध सामग्री, काउंटर ड्रोन सिस्टम, मानव रहित जमीनी वाहन (यूजीवी), साथ ही इलेक्ट्रॉनिक युद्ध (ईडब्ल्यू) और साइबर टेक्नोलॉजी शामिल है।

एज ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, हमाद अल मरार ने कहा कि अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के साथ हुआ हमारा करार भारतीय डिफेंस इंडस्ट्री के साथ मजबूत होते हमारे संबंधों को दशार्ता है। साथ ही दिखाता है कि यूएई और भारत के बीच सैन्य संबंध बढ़ रहे हैं। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस, अदाणी ग्रुप का हिस्सा है। ये कंपनी डिफेंस उत्पादों को डिजाइन, विकास और विनिर्माण करने का काम करती है।

# शेयर बाजार सपाट बंद, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स में हुई खरीदारी



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार ने मंगलवार को एक सीमित दायरे में कारोबार किया और सपाट बंद हुआ। सेंसेक्स 33 अंक की मामूली गिरावट के साथ 76,456 और निफ्टी 5 अंक की बढ़त के साथ 23,264 अंक पर बंद हुआ है। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 430 अंक या 0.81 प्रतिशत बढ़कर 53,666 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 96 अंक या 0.55 प्रतिशत बढ़कर 17,571 अंक पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, रियल्टी और एनर्जी बढ़कर बंद हुए हैं। वहीं, फिन सर्विस, एफएमसीजी और फार्मा गिरकर बंद हुए हैं। इंडिया विक्स में मंगलवार को करीब 10 प्रतिशत की बड़ी गिरावट हुई और यह 14.7 अंक पर रहा। सेंसेक्स में एलएंडटी, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक और पावर ग्रिड टॉप गेनर्स थे। कोटक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, रिलायंस, आईटीसी, सन फार्मा और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर्स थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी एनालिस्ट रूपक दे का कहना है कि दिन के दौरान निफ्टी ने एक दायरे में कारोबार किया। 23,150 से लेकर 23,350 की रेंज पार करने तक निफ्टी का सेंटीमेंट साइडवेज ही रहेगा। अगर यह 23,350 को तोड़ता है तो 23,600 तक जा सकता है। वहीं, अगर 23,150 को तोड़ता है तो 23,000-22,900 तक जा सकता है।

# इस वर्ष की पहली तिमाही में दोगुना हुआ ओपन एक्सेस सोलर इंस्टालेशन

**नई दिल्ली।** भारत में तेजी से रिन्यूएबल एनर्जी की क्षमता का विस्तार हो रहा है। इस कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में देश में ओपन एक्सेस सोलर इंस्टॉलेशन बढ़कर 1.8 गीगावाट हो गया है। अमेरिका की रिसर्च फर्म मेरकॉम कैपिटल के मुताबिक, पहली तिमाही में ओपन एक्सेस सोलर इंस्टॉलेशन बढ़कर दोगुना हो गया है। यह 2023 की चौथी तिमाही में 909.3 मेगावाट हो गया है। 'मेरकॉम इंडिया सोलर ओपन एक्सेस मार्केट' नाम से जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में कुल सोलर इंस्टॉलेशन मार्च 2024 तक बढ़कर 14.3 गीगावाट हो गया है। मेरीकॉम



इंडिया के प्रबंधक निदेशक (एमडी) प्रिया संजय की ओर से कहा गया कि ग्रीन एनर्जी में ओपन एक्सेस सोलर की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह बचत और पावर मिक्स में रिन्यूएबल एनर्जी शामिल करना है। रिपोर्ट में बताया गया कि पहली तिमाही में राजस्थान ने 28 प्रतिशत के साथ ओपन एक्सेस सोलर इंस्टालेशन में वृद्धि देखी। इसके बाद आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में क्रमशः 21 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 2021 यूनाइटेड नेशंस क्लाइमेट चेंज कॉन्फ्रेंस में किए गए ऐलान के मुताबिक, न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म आधारित बिजली उत्पादन क्षमता प्राप्त करने की ओर काम कर रहा है। रिन्यूएबल क्षमता के मामले में भारत दुनिया में चौथे पायदान पर है।

# ब्रिक्स देशों के व्यापार में स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल पर जोर




**नई दिल्ली।** ब्रिक्स देशों ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय लेन-देन में स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही इन देशों ने नियम आधारित खुले एवं पारदर्शी वैश्विक व्यापार के लिए प्रतिबद्धता जताई।

ब्रिक्स की एक बैठक हुई बता दें, रूस के निजनी नोवगोरोड में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की एक बैठक हुई। इस दौरान ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार और वित्तीय लेनदेन में स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर चचाएं हुईं। बैठक में मंत्रियों ने माना कि वैश्विक वित्तीय संरचना के सुधार की आवश्यकता है।

नया कोटा फॉमूर्ला अपनाने पर जोर विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के ब्रिक्स मंत्रियों की बैठक के अंत में जारी एक संयुक्त बयान में एक मजबूत वैश्विक वित्तीय सुरक्षा आवरण पर भी जोर दिया गया, जिसके केंद्र में कोटा-आधारित और पर्याप्त संसाधनों वाला अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) हो। बयान के मुताबिक कोटा की सामान्य समीक्षा के तहत आईएमएफ व्यवस्था की सुधार की प्रक्रिया को जारी रखने का आह्वान किया। इसमें नया कोटा फॉमूर्ला अपनाने की बात भी कही गई। वहीं रूस के विदेश मंत्री का कहना है कि उभरती राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं के समूह ब्रिक्स ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली में सुधार और राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार के लिए एक मंच विकसित करने पर सक्रिय रूप से काम करना शुरू कर दिया है, जिसकी परिकल्पना 2023 में जोहान्सबर्ग शिखर सम्मेलन में की गई थी। कौन-कौन से देश सदस्य? ब्रिक्स, जो ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का संक्षिप्त रूप है, एक अनौपचारिक साझेदारी है जो सदस्य देशों के बीच सहयोग और संचार को बढ़ावा देती है। ब्रिक्स देशों के बीच कोई औपचारिक या कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता नहीं है। ब्रिक्स शब्द जिम ओ'नील द्वारा बनाया गया था, जिन्होंने उस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था के भीतर इन देशों की क्षमता पर जोर देने के लिए इस शब्द का प्रयोग किया था। जब ओ'नील ने बिल्डिंग बेटर ग्लोबल इकोनॉमिक ब्रिक्स शीर्षक से अपना पेपर प्रकाशित किया।

### नेताओं को रिपोर्ट करने का काम

संयुक्त बयान के अनुसार, 'उन्होंने जोहानिसबर्ग द्वितीय घोषणापत्र के पैराग्राफ 45 का जिक्र किया, जिसमें ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों को स्थानीय मुद्राओं, भुगतान उपकरणों और मंचों के मुद्दे पर विचार करने और ब्रिक्स नेताओं को रिपोर्ट करने का काम सौंपा गया है।' इन मांगों को भी दोहराया इसके अलावा, विदेश मंत्रियों ने सीओपी27 में की गई मांग को दोहराया कि यह गारंटी दी जाए कि अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान सुधार में वित्तपोषण के दायरे का विस्तार करने और संसाधनों तक आसान पहुंच को सुविधाजनक बनाने को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अनुमान लगाया कि 2025 इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट शेयरधारक समीक्षा एक बड़ी सफलता होगी।

## राशिफल

**मेष:** आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा।

**वृष:** आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। पूरा दिन तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है।

**कर्क:** नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोंक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए साझेदारी में किसी काम को करने के लिए रहेगा। योजनाओं को गति मिलेगी और समन्वय की भावना आपके अंदर बनी रहेगी।

**कन्या:** आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, आपका काम असान हो जाएगा। कोई पुराना दोस्त आपको फोन करके आपको सरप्राइज देगा।

**तुला:** आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे।

**वृश्चिक:** आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे।

**धनु:** आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। व्यापार में किसी एसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा कराएगी।

**मकर:** आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**कुंभ:** आज आपकी हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिए अपनी बेहतरीन राय देंगे।

**मीन:** बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नई बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

## चुटकुले

दरोगा - तुमने हवलदार की जेब में माचिस क्यों जलाई?
टोलू- सर, हवालदार साहब ने कहा था, अगर जेल नहीं जाना चाहता तो , तो जेब गर्म कर,
मैंने माचिस जला दी।

---

बिट्टू- आज सुबह जब मैं पापा के साथ बस में आ रहा था तो उन्होंने एक आंटी के लिए मुझसे अपनी सीट छोड़ने को कहा,
मां- बेटा यह तो अच्छी बात है, बड़ों का सम्मान करना चाहिए
बिट्टू - मगर मां, मैं तो पापा की गोद में बैठा हुआ था।

---

एक अक्षर गलत होने की वजह से एक किताब की 10 लाख कॉपियां दो दिन में ही बिक गई.
दरअसल, ये गलती उस किताब के टाइटल में हो गई थी.
किताब का नाम था - 'एक आइडिया जो आपकी लाइफ बदल दे'
और गलती से हो गया - 'एक आइडिया जो आपकी वाइफ बदल दे'।

## रोचक तथ्यों का करंट

- स्केल का भी आविष्कार भारत में हुआ था।
- दोनों आंखें खोलकर छीकना इंपॉसिबल हैं।
- अजवाइन को खाने में कितनी कैलोरी लगती है जितनी की अजवाइन से आपको कैलोरी नहीं मिलती।
- तोते इंसानो की तरह अपने बच्चों को एक नाम देते है। और उम्र भर उनका वही नाम रहता है।
- इंसान के दिमाग का विकास 40 साल की उम्र तक तक होता है।
- क्या आपको पता है कि, पाई का आविष्कार भी यहीं भारत में हुआ था।
- अगर कोई आपको अपनी सपने के बारे में बताएं तो यह जरूर पूछना कि उसका सपना कहां से शुरू हुआ, क्योंकि सपना कहां से शुरू हुआ यह बताना पॉसिबल नहीं।
- दुनिया का 70% उपयोग किए जाने वाले मसाले भारत में ही तैयार होते हैं।
- एक गधा रेत के दलदल में डूब सकता है परंतु एक खच्चर नहीं रुक सकता है।
- इंसानो की तरह तोते भी मोटापे की बीमारी का शिकार होते हैं।
- जब बच्चा पैदा होता है तो उस समय माँ को होने वाला दर्द एक साथ 20 हड्डियां टूटने के बराबर होता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# हरियाणा के झूठ का पदार्फाश उसके ही एफिडेविट से हो गया : आतिशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा है कि दिल्ली को जितना पानी मिलना चाहिए, उतना नहीं मिल रहा है। हरियाणा की तरफ से छोड़ा जा रहा पानी न जाने कहां गायब हो जा रहा है, जो दिल्ली तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि जब से यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है, तब से वजीराबाद बैराज का पानी लगातार नीचे गिर रहा है। जितना पानी हरियाणा सरकार को मुनक कैनाल और वजीराबाद बैराज के लिए छोड़ना चाहिए, वह नहीं छोड़ रही है। इसका नतीजा यह हो रहा है कि दिल्ली के जितने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हैं, वह अपनी कैपेसिटी के हिसाब से काम नहीं कर पा रहे हैं और पूरी दिल्ली में जल संकट बना हुआ है। आतिशी ने आरोप लगाया कि जब हम हरियाणा सरकार से बात करते हैं तो वह कह रहे हैं कि हम तो पानी छोड़ रहे हैं, लेकिन यह पानी रास्ते में कहां गायब हो जाता है। हरियाणा सरकार के झूठ का खुलासा उन्हीं के सुप्रीम कोर्ट में दायर एफिडेविट से हुआ है। हरियाणा सरकार ने हिमाचल प्रदेश से भेजे जा रहे पानी को रास्ता नहीं दिया और हरियाणा सरकार की साजिश यही नहीं रुकी। जो मुनक कैनाल में पानी आता है, अपर यमुना रिवर बोर्ड के फैसले के बाद भी लगातार हरियाणा कम पानी छोड़ रहा है। दिल्ली में चुनाव से पहले चार दिनों तक हरियाणा ने कम पानी छोड़ा है। आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि जो एफिडेविट हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जमा किया है, उसमें साफतौर पर दिख रहा है कि बीते 7, 8, 9 और 10 जून को जो 710 क्यूसेक पानी छोड़ा जाता, उसकी जगह 657 क्यूसेक पानी छोड़ा गया और दूसरे सेंटर पर जो 330 क्यूसेक पानी छोड़ा जाता, वह 310 क्यूसेक छोड़ा गया है। हरियाणा के दिए गए एफिडेविट से ही साफ हो गया है कि वह पूरी तरीके से मुनक कैनाल पर ही कम पानी छोड़ रहा है। जिसकी वजह से दिल्ली में जल संकट बरकरार है।

# रायबरेली से राहुल बने रहेंगे एमपी ! सोनिया, प्रियंका के साथ इस समारोह से तय करने वाले हैं बड़ा रोडमैप



**रायबरेली।** राहुल गांधी इस लोकसभा चुनाव में रायबरेली और वायनाड दोनों जगह से सांसद चुने गए। अब राहुल गांधी को किसी एक जगह से इस्तीफा देना है। सियासी गलियारों में कोई वायनाड, तो कोई रायबरेली से इस्तीफे की चर्चा कर रहा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी से जुड़े सूत्रों का की मानें तो राहुल गांधी रायबरेली से सांसद बने रहेंगे। राहुल और प्रियंका गांधी आज रायबरेली में हैं। यहां होने वाले आभार कार्यक्रम से इसके संकेत मिल रहे हैं। सियासी जानकार भी मानते हैं कि राहुल गांधी का रायबरेली से सांसद बने रहना कांग्रेस पार्टी के लिए उत्तर प्रदेश में बहुत बड़ी बूस्टर डोज साबित होगा। पार्टी के रणनीतिकारों ने भी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को और आगे बढ़ाने के लिए राहुल गांधी का उत्तर प्रदेश में सांसद बने रहना जरूरी बताया है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं के मुताबिक यह पहला मौका होगा, जब चुनाव जीतने के कुछ दिन बाद ही गांधी परिवार जनता का आभार जताने के लिए रायबरेली की जमीन पर पहुंच रहा है। मंगलवार को रायबरेली के गेस्टहाउस में आयोजित होने वाले समारोह में सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और सांसद राहुल गांधी मौजूद रहेंगे। सियासी जानकार भी मानते हैं कि इस तरीके के आयोजन का सीधा मतलब गांधी परिवार का रायबरेली और अमेठी की जनता का धन्यवाद देना तो है ही, साथ ही राहुल गांधी का रायबरेली से सांसद बने रहेंगे, यह संदेश भी माना जा रहा है। दरअसल दो जगह से चुनाव जीतने के बाद अटकलें इस बात की लगाई जा रहीं हैं कि आखिर राहुल गांधी इस्तीफा कहां से देंगे। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से राहुल गांधी की ओर से या कांग्रेस की ओर से इस बात की पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन पार्टी से जुड़े सूत्र यही बताते हैं कि सियासी समीकरणों के नजरिए से राहुल गांधी रायबरेली से सांसद बने रहेंगे।

वरिष्ठ पत्रकार आनंद प्रकाश शर्मा कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में जिस तरीके का प्रदर्शन कांग्रेस ने किया है, वह हाल के दिनों का बेहतर प्रदर्शन है। रायबरेली और अमेठी की जनता ने तो कांग्रेस और गांधी परिवार पर भरोसा तो जताया ही है, साथ ही कई दशकों बाद सीतापुर, प्रयागराज और सहारनपुर में कांग्रेस चुनाव जीती है। शर्मा कहते हैं कि कांग्रेस का वोट प्रतिशत भी बीते चुनावों की तुलना में इस बार उत्तर प्रदेश में बढ़ा है। उनका मानना है कि प्रदेश में कांग्रेस को जो ऑक्सीजन मिली है, उसे आगे बढ़ाने के लिए राहुल गांधी का रायबरेली से सांसद बने ज्यादा फायदेमंद है।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सैयद उस्मानी कहते हैं कि सोनिया गांधी ने जिस भावुक अपील के साथ रायबरेली की जनता से चुनाव जिताने की बात कही थी, उसका पालन हुआ है। अब ऐसी दशाओं में रायबरेली के लोग भी चाहते हैं कि राहुल गांधी यहां से इस्तीफा न दें। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के प्रदर्शन के आधार पर यह तय हो चुका है कि राहुल गांधी रायबरेली से सांसद रहेंगे। वह तर्क देते हुए कहते हैं कि लोकसभा चुनावों के इस प्रदर्शन को पार्टी एक बड़े बूस्टर डोज के तौर पर देख रही है। गठबंधन में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस साथ-साथ चुनाव लड़ी है।

ऐसी दशाओं में पार्टी को न सिर्फ अपने वोट बैंक को मजबूत कर आगे के चुनावों के लिहाज से अपनी सियासी फील्डिंग सजानी है। बल्कि संगठनात्मक स्तर पर भी और मजबूत स्पेशल सिपहसालार भी तैनात करने हैं। पार्टी से जुड़े नेताओं का मानना है कि रायबरेली से लेकर अमेठी और लखनऊ से लेकर अलग-अलग जिलों के नेताओं की रायबरेली से लेकर अमेठी और लखनऊ से लेकर अलग-अलग जिलों से राहुल को रायबरेली से सांसद बने रहने का अनुरोध पत्र भी भेजा गया है।

# गुजरात गेम जोन अग्निकांड : राजकोट पहुंचे एसआईटी प्रमुख




**राजकोट।** गुजरात के राजकोट शहर में हुए टीआरपी गेम जोन अग्निकांड मामले की जांच को लेकर विशेष जांच दल (एसआईटी) के प्रमुख सुभाष त्रिवेदी जांच को आगे बढ़ाने के लिए पहुंचे। सीआईडी (अपराध) के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक त्रिवेदी ने कहा, "अग्निशमन विभाग की कार्यकुशलता, विभिन्न नगर निगम विभागों की कार्यप्रणाली, सामान्य विकास नियंत्रण विनियमों (जीडीसीआर) और राजकोट शहरी विकास प्राधिकरण (आरयूडीए) नियमों के अनुपालन की जांच की जा रही है।" उन्होंने यह भी कहा कि नगर नियोजन विभाग की ओर से संभावित त्रुटियों की जांच की जा रही है। साथ ही इस संबंध में गहन एवं विस्तृत जांच की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। त्रिवेदी के बताया कि इस मामले में विभिन्न एजेंसियों द्वारा पहले ही कई व्यक्तियों और दस्तावेजों की जांच की जा चुकी है। उन्होंने आगे कहा, "हम अग्निशमन विभाग और नगर निगम इकाइयों के काम का मूल्यांकन कर रहे हैं। साथ ही जीडीसीआर और इस बात पर भी नजर बनाए हुए हैं कि आरयूडीए के नियम का पालन किया गया या नहीं। नगर नियोजन विभाग की भूमिका भी इस जांच के दायरे में है।" बता दें कि 25 मई को आग की चपेट में आया लोकप्रिय गेमिंग जोन कथित तौर पर बिना मंजूरी के चलाया जा रहा था। इस घटना में लोगों की दुखद मौत को लेकर त्रिवेदी ने कहा, "हमारी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।" त्रिवेदी ने गहन जांच पर बात करते हुए इसमें कई एजेंसियों की भागीदारी पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, "यह बहुत जरूरी है कि दोषियों को इसकी सजा मिले, साथ ही यह भी जरूरी है कि निदोर्षों को इससे कोई तकलीफ न हो। इसमें दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली एलजी हक की लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं : प्रियंका कक्कड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संकट को लेकर जुबानी जंग रूकने का नाम नहीं ले रही है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। आम आदमी पार्टी दिल्ली के एलजी पर जुबानी हमले कर रही है। आम आदमी पार्टी की नेता प्रियंका कक्कड़ ने दिल्ली के एलजी पर आरोप लगाया है कि वो दिल्ली के पैसों पर मौज कर रहे हैं और दिल्ली के हक की लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 6 जून को सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि हिमाचल सरकार दिल्ली को पानी दे रही है और हरियाणा सरकार भी यह तय करे कि यह पानी हथिनी कुंड से होते हुए दिल्ली पहुंचे। कल इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई थी। हमने बताया कि हिमाचल से छोड़ा गया पानी दिल्ली नहीं पहुंचा है। इस पर हरियाणा सरकार ने कहा कि हिमाचल ने पानी छोड़ा ही नहीं है।

# ओडिशा में भाजपा ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए नवीन पटनायक को दिया न्योता

● समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे



**भुवनेश्वर।** ओडिशा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन समल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को नवीन पटनायक से मुलाकात की। उन्होंने उन्हें बुधवार को होने वाले ओडिशा में पहली भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया। नये मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिपरिषद बुधवार को जनता मैदान में एक भव्य समारोह में शपथ लेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता बसंत कुमार पांडा, सुरेश पुजारी, समीर मोहंती और नित्यानंद गोंड के साथ मनमोहन समल बीजू जनता दल (बीजद) सुप्रीमो को निमंत्रण देने नवीन पटनायक के घर गए। मनमोहन समल ने कहा, हम यहां नवीन पटनायक को शपथ ग्रहण समारोह के लिए निमंत्रण देने आए हैं। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उन्होंने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है और हमें आश्वासन दिया है कि वह इस समारोह में शामिल होंगे। हालांकि, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर नवीन पटनायक के साथ किसी भी तरह की बातचीत से इनकार किया है। उन्होंने कहा, शपथ ग्रहण समारोह के लिए कांग्रेस अध्यक्ष और विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं को भी निमंत्रण भेजा जाएगा। प्रदेश भाजपा की एक विशेष टीम मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह के लिए भगवान जगन्नाथ को आमंत्रित करने पुरी के जगन्नाथ मंदिर भी गई थी। बता दें कि हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में 147 सीटों में से 78 सीटें जीतने के बाद भाजपा बुधवार को पहली बार ओडिशा में अपने दम पर सरकार बनाने जा रही है।

# ओलंपिक के लिए भारतीय राइफल और पिस्टल टीम का ऐलान



**नई दिल्ली।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ने मंगलवार को सीनियर सिलेक्शन कमेटी की वर्चुअल बैठक के बाद 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम में 8 राइफल और 7 पिस्टल निशानेबाज शामिल हैं। इस टीम में महिला पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर इकलौती ऐसी खिलाड़ी हैं जो दो स्पधाओं में भाग लेगी। वो महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में भाग लेगी। भारत ने शूटिंग में 21 कोटा अर्जित किए हैं, जो आगामी पेरिस 24 ओलंपिक खेलों के लिए एक रिकॉर्ड है। पदक के लिए सभी 16 संभावित शॉट्स के अलावा, आठ व्यक्तिगत राइफल और पिस्टल इवेंट में, भारत के पास चार व्यक्तिगत शॉटगन इवेंट में रिकॉर्ड पांच शुरूआत भी होगी। इसके अलावा, भारत पांच मिश्रित टीमों को भी मैदान में उतारेगा जिनमें से दो राइफल और पिस्टल में, और एक शॉटगन में होगी। एनआरएआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंहदेव ने कहा, चयन समिति ने बैठक की और लंबी चर्चा की। हमें लगता है कि हमने योग्यता और नीति के अनुसार वर्तमान फॉर्म के आधार पर सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन किया है। हमें विश्वास है कि टीम के प्रदर्शन के लिए सभी चीजें व्यवस्थित की गई हैं। राइफल और पिस्टल में हमारी गहराई को देखते हुए, कुछ बहुत अच्छे निशानेबाज टीम का हिस्सा नहीं हैं। हालांकि, उनके पास वापसी करने का मौका होगा। हम टीम को शुभकामनाएं देते हैं। एनआरएआई के महासचिव के सुल्तान सिंह ने कहा, टीम अच्छी फॉर्म में है और मुकाबले के लिए तैयार है, जिसमें चार ओलंपियन और अन्य वरिष्ठ निशानेबाजों के साथ-साथ कई बेहद होनहार और युवा प्रतिभाएं शामिल हैं। वे एचपीडी, विदेशी कोच, राष्ट्रीय कोच, खेल विज्ञान टीम, फिजियो आदि के पूरे प्रशिक्षण दल के मार्गदर्शन और समर्थन में लंबे समय से बहुत व्यवस्थित रूप से प्रशिक्षण ले रहे हैं। हमें विश्वास है कि टीम पेरिस में देश को बहुत गौरवान्वित करेगी। लोनाटो इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप के तुरंत बाद शॉटगन टीम की भी घोषणा की जाएगी।

### पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय राइफल और पिस्टल टीम:

**राइफल**

संदीप सिंह, अर्जुन बबुता (10 मीटर एयर राइफल पुरुष)
एलावेनिल वलारिवन, रमिता (10 मीटर एयर राइफल महिला)
सिफ्त कौर समरा, अंजुम मौदगिल (50 मीटर राइफल 3 पोजीशन महिला)
ऐश्वर्या तोमर, स्वप्निल कुसाले (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन पुरुष)

**पिस्टल**

सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा (10 मीटर एयर पिस्टल महिला)
मनु भाकर, रिदम सांगवान (10 मीटर एयर पिस्टल महिला)
अनीश भानवाल, विजयवीर सिद्धू (25 मीटर आरएफपी महिला)
मनु भाकर, ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल महिला)

# एमएमए की दुनिया में भारतीय पहलवान संग्राम सिंह की एंट्री



**मुंबई।** भारतीय कुश्ती जगत में एक बड़ा कदम उठाते हुए, पूर्व कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन संग्राम सिंह एमएमए की दुनिया में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस कदम के साथ, वह एमएमए को अपनाने वाले पहले पुरुष पहलवान और एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। भारत के लिए कुश्ती में लगभग 25 वर्षों तक अपने शानदार करियर के साथ, संग्राम एक एमएमए फाइटर के रूप में अपने नए कदम के लिए तैयार हैं, एक ऐसी शैली जिसमें मूल रूप से पहलवानों के पास मौजूद कौशल शामिल है। संग्राम ने एमएमए फाइटर के रूप में अपने बदलाव पर कहा, एमएमए भविष्य है, पिछले कुछ सालों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता अपने आप में ही सब कुछ बयां करती है। भारत में इस खेल को सबसे ज्यादा दर्शक मिलते हैं और मुझे उम्मीद है कि इस खेल के प्रशंसक भी इसी तरह मेरा समर्थन करेंगे। कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है, जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है और मुझे उम्मीद है कि वे मेरे नए सफर में भी ऐसा ही करते रहेंगे। एमएमए विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है और उम्मीद है कि मैं अगली पीढ़ी के एथलीटों को प्रेरित करूंगा जो एमएमए फाइटर के रूप में अपना करियर बनाना चाहते हैं। संग्राम ने हाल ही में दुबई प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप में 6 साल के अंतराल के बाद वापसी कर कुश्ती जगत में हलचल मचा दी और उनका लक्ष्य एमएमए के साथ-साथ अपने कुश्ती करियर को जारी रखना है। संग्राम का कमबैक सफल रहा। उन्होंने पाकिस्तान के मुहम्मद सईद को लगभग एकतरफा मुकाबले में हराकर मैट पर अपनी क्षमता साबित की। इस सफल मुकाबले के बाद एमएमए में कदम रखना स्वाभाविक था क्योंकि एमएमए भविष्य की ओर अगला कदम है और इसकी लोकप्रियता दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स को दुनिया के सबसे कठिन खेलों में से एक कहा जा सकता है। ये कई सारे मार्शल आर्ट्स का मिश्रण होता है। कुश्ती में संग्राम का व्यापक अनुभव काम आएगा। कुश्ती मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स की आधारशिला है, जिसमें टेकडाउन, नियंत्रण और ग्राउंड-एंड-पाउंड तकनीकों पर जोर दिया जाता है।

# दुनिया में रोनाल्डो जितना खतरनाक कोई खिलाड़ी नहीं : सुनील छेत्री



**नई दिल्ली।** यूरो कप 2024 नजदीक है और पिछले दो दशकों की तरह इस बार भी सबकी नजरें क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर होंगी, जो पुर्तगाल के सबसे महान खिलाड़ी हैं। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने नवंबर 2023 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय गोल नहीं किया है। इतना ही नहीं उन्हें युवा स्ट्राइकर गोंकालो रामोस ने कई बार टीम में रिप्लेस भी किया। टूनार्मेंट से पहले, भारत के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने आईएएनएस के साथ एक खास बातचीत में टीम में रोनाल्डो की भूमिका और महत्व के बारे में बात की। छेत्री ने आईएएनएस से कहा, मुझे उम्मीद है कि रोनाल्डो अधिक से अधिक मैच खेलेंगे। मैं उन्हें खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। हो सकता है कि वह उतनी तेजी से टर्नअराउंड न कर पाएं और डिफेंसिव न खेल पाएं, लेकिन एक बार लय में आने के बाद उनके जैसा खतरनाक खिलाड़ी कोई नहीं है। पुर्तगाल की टीम सितारों से सजी है। वे गेंद को अपने पास रखने में बहुत अच्छे हैं, अधिकतर वे विरोधी टीम पर हावी रहते हैं। उनके पास कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं, इसलिए वे रोनाल्डो को बेंच पर रख सकते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने आगे कहा, मुझे पूरा यकीन है कि कोच सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का चयन करेगा, लेकिन रोनाल्डो का होना हमेशा टीम को बढ़त देता है। वो एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें मैदान पर जब भी मौका मिलता है तो उस मौके को गोल में तब्दील करने का माद्दा रखते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि एक प्रशंसक के तौर पर, जिसने पिछले 20 सालों में उनसे बहुत कुछ सीखा है, मुझे उम्मीद है कि हम उन्हें मैदान पर और भी ज्यादा समय तक देख पाएंगे। छेत्री यूईएफए यूरो 2024 के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के स्टूडियो शो फुटबॉल एक्स्ट्रा में विशेषज्ञ पैनलिस्ट हैं। यूईएफए यूरो 2024 को 15 जून, दोपहर 12:30 बजे से सोनी स्पोर्ट्स टेन 2 एसडी और एचडी, सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 एसडी और एचडी (हिंदी), सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 एसडी और एचडी (तमिल / तेलुगु), सोनी स्पोर्ट्स टेन 5 एसडी और एचडी (मलयालम / बंगाली) पर लाइव देख सकते हैं।

# पेरिस 2024 : रोहन बोपन्ना, सुमित नागल को टेनिस में मिला ओलंपिक का कोटा

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और सुमित नागल ने क्रमशः युगल और एकल में अपनी एटीपी रैंकिंग के जरिए पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा हासिल कर लिया है। विश्व के वर्ल्ड नंबर-4 रोहन बोपन्ना ने लंदन 2012 और रियो 2016 ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पिछले साल नवंबर से युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में अपना स्थान बनाए रखते हुए भारत के लिए कोटा हासिल किया। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, पिछले सप्ताह एकल रैंकिंग में 18 स्थान की बढ़त के साथ सुमित नागल ने कट-ऑफ में जगह बनाई, जो विश्व रैंकिंग के माध्यम से कोटा हासिल करने वाले खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर है। पिछले सप्ताह 95वें स्थान पर रहे सुमित नागल ने रविवार को जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप में एटीपी चैलेंजर खिताब जीतने के बाद अपने करियर की सर्वोच्च 77वीं रैंकिंग हासिल की। हालांकि, नागल रैंकिंग में 77वें स्थान पर हैं, लेकिन वह विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा प्राप्त करने वाले योग्य खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर हैं।

पेरिस 2024 में पुरुष और महिला एकल स्पधाओं में 64-64 खिलाड़ी भाग लेंगे। 10 जून को जारी एटीपी रैंकिंग के अनुसार, टॉप- 56 पुरुष एकल खिलाड़ियों ने अपने-अपने देशों के लिए कोटा हासिल कर लिया है। हालांकि, प्रत्येक देश अधिकतम चार कोटा हासिल कर सकता है। पेरिस 2024 में पुरुष और महिला युगल ड्रॉ में 32 टीमें शामिल होंगी, जिसमें एक टीम एक ही देश के एथलीटों की जोड़ी होगी यानी प्रत्येक देश में अधिकतम दो टीमें होंगी। पेरिस 2024 के लिए टेनिस क्वालिफिकेशन विंडो सोमवार को समाप्त हो गई। राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के पास अपने कोटा के उपयोग की पुष्टि करने के लिए 19 जून तक का समय है।

# द. अफ्रीका के खिलाफ बांग्लादेश की हार, अंपायर के फैसले पर उठे सवाल



**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 में खराब अंपायरिंग को लेकर विवाद बढ़ गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बांग्लादेश की हार के बाद अंपायर के फैसले पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। बांग्लादेश की पारी के 17वें ओवर के दौरान ओटनील बार्टमैन की गेंद महमूदुल्लाह के पैर से लगते हुए चौके के लिए गई। दक्षिण अफ्रीका ने इस पर एलबीडब्ल्यू की अपील की और अंपायर ने आउट करार दिया। बांग्लादेश ने फैसले के खिलाफ डीआरएस का इस्तेमाल किया और तीसरे अंपायर ने महमूदुल्लाह को नॉट आउट करार दिया। चूंकि अंपायर ने आउट दिया था इसलिए इस गेंद को डेड बॉल करार दिया गया जिस कारण बांग्लादेश को वो चार नहीं मिले और अंत में बांग्लादेश की हार का अंतर भी चार रन का ही रहा। अंपायर के इस फैसले और अपनी हार से नाराज बांग्लादेश के बल्लेबाज तौहीद हृदोय ने अंपायर के फैसले की आलोचना की। तौहीद हृदय ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो ऐसे रोमांचक मैच में यह हमारे लिए अच्छा फैसला नहीं था। मेरे नजरिये में अंपायर ने महमूदुल्लाह को आउट करार दिया, लेकिन यह हमारे लिए काफी कठिन फैसला रहा। वो चार रन मैच का नतीजा बदल सकते थे। नियम हमारे हाथ में नहीं हैं। उस समय वो चार रन काफी महत्वपूर्ण थे। अंपायर ने फैसला लिया और वे भी इंसान हैं तो उनसे भी गलती हो सकती है। उन्होंने कुछ मौकों पर वाइड गेंदों को वाइड नहीं दिया। ऐसे स्थल पर जहां कम स्कोर वाले मुकाबले हो रहे हैं, वहां एक-दो रन काफी मायने रखते हैं। 23 वर्षीय बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि इस करीबी मैच में अंपायरिंग का स्तर बेहतर हो सकता था, खासकर तब जब कोई टीम छोटे लक्ष्य का पीछा कर रही हो। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाए। क्लासन और मिलर ने 79 गेंद पर 79 रनों की अहम साझेदारी के दम पर टीम को इस टोटल तक पहुंचाया। क्लासन ने जहां पर 44 गेंद में 46 रन बनाए तो वहीं मिलर ने 38 गेंद में 29 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 109 रन ही बना पाई। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 37 रन तौहीद ने बनाए, बाकी सभी अन्य बल्लेबाज अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे सरेंडर करते नजर आए।

# यमुना नदी का निरीक्षण किया तथा राजस्व वसूली के दिये निर्देश



**लोनी, करंट क्राइम।** प्रशासनिक अधिकारियों ने आगामी बारिश के दौरान हथनी कुंड बैराज से यमुना में छोड़े जाने वाले पानी से आने वाली बाढ़ से पूर्व अलीपुर पुस्ता मार्ग और ठोकरों का निरीक्षण किया तथा अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। मंगलवार को एडीएम वित्त और राजस्व सौरभ भट्ट ने एसडीएम लोनी तथा अन्य अधिकारियों के साथ यमुना के अलीपुर पुस्ता मार्ग और यमुना की ठोकरों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उस स्थान का बारीकी से निरीक्षण किया जहां गत वर्ष बाढ़ के दौरान अलीपुर गांव के सामने पुस्ते में दरार आ गई थी और पुस्ते का एक भाग बह गया था जिसके कारण बाढ़ का पानी ट्रॉनिका सिटी और आसपास के गांवों तथा कॉलोनियों में भर गया था और लाखों लोगों की दिनचर्या अस्त व्यस्त हो गई थी। जबकि ट्रॉनिका के उद्यमियों को भी भारी नुकसान हुआ था। अधिकारियों ने पुस्ते को दुरुस्त पाया, लेकिन इसके बाद भी पुस्ते और ठोकरों की ठीक से मरम्मत तथा देखभाल करने के निर्देश दिए हैं।

### राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए

करंट क्राइम। एडीएम वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट ने लोनी तहसील में एसडीएम निखिल चक्रवर्ती और तहसीलदार रजत सिंह के साथ राजस्व वसूली की समीक्षा की। एडीएम ने राजस्व वसूली के लक्ष्य को सौ प्रतिशत समय से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि जो संपत्तियां राजस्व वसूली की एवज में कुर्क की गईं हैं अथवा उनको सील किया गया है, ऐसी संपत्ति को किराए और लीज आदि पर देकर राजस्व वसूली की जाए।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर स्कूटी सवार किशोर की मौत, दूसरा घायल

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल से आगे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दो लोगों को कुचल दिया। हादसे में 15 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई, जबकि युवक की हालात गंभीर बनी हुई है।

दिल्ली के जहांगीर पुरी कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय अमन अपने साथी 15 वर्षीय आदित्य उर्फ लकी के साथ स्कूटी से दिल्ली मेरठ मार्ग पर दिल्ली से मेरठ की और जा रहे थे।

जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर गंगनहर स्थित पुलिस चौकी से तीन सौ मीटर आगे पहुंचे तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टककर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार काफी दूर जा गिरे। दोनों को मोदीनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर आदित्य उर्फ लकी को मृत घोषित कर दिया, जबकि अमन की हालात गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




## बढ़ी हुई है कई एसीपी की हार्ट बीट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लगातार तबादला एक्सप्रेस चलने का वेट हो रहा है। बीते कुछ दिनों के भीतर छोटी-छोटी कई लिस्ट आउट हो चुकी हैं। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते कई दिनों से एसीपी स्तर के अधिकारियों की हार्टबीट बढ़ी हुई है। बताया जा रहा है कि एसीपी स्तर के कई अधिकारियों को रात वाली नींद नहीं आ रही है। तो कई को डर इस बात का सता रहा है कि कहीं उनको साइड लाइन ना कर दिया जाए। इसी के साथ सुनने में आ रहा है कि दो एसीपी चार्ज पाने के प्रबल दावेदार बताए जा रहे हैं। वैसे बीते कुछ दिनों से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में भगवा विधायक द्वारा जो लैटर वॉर शुरू की है, उसका भी असर कमिश्नरेट के भीतर देखने को मिल रहा है। सूत्र बता रहे हैं की नदियापार से लेकर देहात और सिटी में भी एसीपी स्तर के अधिकारियों को लेकर खबर मिल सकती है। वहीं ट्रेनिंग पूरी करने वाले अधिकारी वेट एंड वॉच की स्थिति में आ गए बताए जाते हैं। इसी के साथ सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद आने के लिए भी कुछ नाम चर्चा में आए हैं, जिन्हें लखनऊ से तैनाती दी जा सकती है। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में जल्द ही थाना प्रभारियों के स्तर पर भी बदलाव वाला आदेश आ सकता है। सिटी में दो थानों के प्रभारी लगातार रडार पर बने हुए हैं, तो वहीं एक प्रभारी का मामला बेहद टाइट बताया जा रहा है। पार्षद प्रकरण का मसाला भले हल हो गया हो लेकिन अंदर खाने उसको लेकर भी कमिश्नरेट में खिचड़ी पक रही है। सुनने में आ रहा है कि इस प्रकरण में नदियापार में नुकसान वाली खबर आने वाली ही है। इसी के साथ बताया जा रहा है कि महाराज जी के दिल्ली कार्यक्रम के बाद से कई चर्चा सुनाई दे रही हैं। इसी के साथ लोकल वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में एडीसीपी स्तर के अधिकारियों को लेकर भी कुछ बदलाव वाला प्लान बना है। बताया जा रहा है कि एक एडीसीपी साहब की रडार पर है, जबकि एक को तोहफा मिल सकता है। अब पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में देखना होगा आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के क्या समीकरण बनते हैं और कौन-कौन अधिकारी साइड लाइन किए जाते हैं। कुल मिलाकर अभी आईपीएस लिस्ट का पुलिस महकमें बेसब्री से इंतजार हो रहा है।






### जब जनरल हैज गोन तो फिर मिस्टर कैप्टन आप हैं कौन

नोएडा वाले कैप्टन खुद को पालिटिक्स का भी सुपरमैन मानकर चल रहे थे। जनरल की लोकसभा में वो अपना बर्थडे केक लेकर नोएडा से आये। बिरादरी वाले भी बुलाये और खादी वालों से लेकर कूलरवालों ने जन्मदिन की बधाई भी दी। एक प्रतिनिधि भी शहर के बिरादर को बना दिया। लेकिन जून के महीने में उनका बर्थडे तो आया लेकिन कैप्टन का चेहरा गाजियाबाद में नजर नही आया। गाजियाबाद वाले चेले ने भी मीठे शरबत से काम चला लिया और हैप्पी बर्थडे टू यू का गीत गा लिया। वो आये नही के सवाल पर बिरादरी वाले ने ही कहा कि जब जनरल हैज गोन तो फिर वो तो कैप्टन हैं और जनरल के सामने उनकी बिसात क्या है। रही बात पालिटिक्स की तो उनके ज्यादा सीनियर भाजपाई आलरेडी गाजियाबाद में हैं। मेयर सुनीता दयाल और सासंद अतुल गर्ग हैं, एमएलसी दिनेश गोयल हैं और भाजपा के प्रति समर्पण और वरिष्ठता की बात करें तो वेदप्रकाश गर्ग खादी वाले हैं, सहयोग की बात करें तो संजीव गुप्ता समरकूल वाले हैं। इसलिये कैप्टन तो समझ गये हैं इस बात को बस चेले भी समझ लें तो अच्छा

### निगम वालों की हवा निकाल देतें हैं माली और लाईनमैन

आधी रात को मैरिज के ऑफ सीजन में पता नही वो मेंबर कौन सी मैरिज से आ रहा था बहरहाल ठेली वाले से ऐसा उलझा कि सीन जेल में जाकर बेल पर आकर ही सुलझा। मेंबर एकता का नारा गूंजा और पुलिस के अफसर ने बात तक ना की और मुखिया ये बात की तो वो लहजा कि तुझे देखूंगी 4 जून के बाद वाले डायॅलाग निकले। बहरहाल चार छोड़ो और 12 जून आ गई। निगम के ही फोर्थ क्लास वाले ने कहा कि अजी उन्हे छोड़ो और ये एक बार वार्ड के किसी माली से उलझ कर दिखा दें। बता दिया कि पहलवान की ऐसी पहलवानी निकाली थी कि निगम में आकर माफी मांगनी पड़ी थी और बताया कि बिजली वालों से उलझ गये थे निगम वाले। बुलडोजर से तोड़ दिया तो उन्होने भी सारे पार्को की लाईट काट कर निगम का पूरा कुनबा टाईट कर दिया था। और फिर नाले के ऊपर ही बिजलीघर भी बना और बार्बर ने भी वहीं ठिया जमा लिया। अगर किसी मेंबर में दम हो तो उलझ कर देखे एक सफाईकर्मी से, एक माली से, एक चपरासी से, एक बाबू से। जिस पब्लिक ने इन्हे वोट देकर निगम के सदन में पहुंचाया हैं बस ये सिर्फ और सिर्फ उसी पब्लिक की शिकायते कर सकते हैं, करा सकते हैं।

### टिकट होगा संगठन से इशू पर प्रचार साम्रगी होगी यहां से इशू

उपचुनाव होगा ये तय है कि और इसी के साथ कई मामले भी सैटल हो गये हैं। वो बड़े दिल वाले हैं, ये बात भी बिल वाले बता रहे हैं। सीन हिसाब पाई पाई का और बख्शीश लाखों की वाला हो गया है। बड़ा चुनाव तो बड़ी खेप फ्लैग से लेकर प्रचार साम्रगी की भी आई लेकिन सारी की सारी खेप इशु नही हुई। अब बाजार वाले को इससे क्या मतलब कि प्रचार हुया या नही। मगर हिसाब वालों ने भी पचास से नीचे मतदान जाने पर चालीस परसेंट भुगतान पर मामला रोक लिया। वो तीन प्लस से जीते और इधर भुगतान में साढ़े तीन पेटी वाला सीन हो गया। मतलब ये कि माल रिर्टन होगा लेकिन 4 जून को भले ही मौसम गर्म था लेकिन उनके यहां तो वेदर एकदम हसीन हो गया। सब आओ सब पाओ और हैप्पी हैप्पी जाओ वाला सीन हो गया। दिल बड़ा है तो दल वालों के काम आयेगा। बताने वाले बता रहे हैं कि गोदाम में माल बहुत हैं। टिकट तो सगंठन से ही इश्यू होगा औरजिसे होगा उसे चुनाव प्रचार वाली सामग्री यहीं से इश्यू होगी।

## न्यूज डायरी

### घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म का प्रयास



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** एक युवती से घर में घुसकर दुष्कर्म के प्रयासका मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के साथ ये हादसा तब हुआ जब वह अपने घर में अकेली थी। उसके पिता खेत में काम करने गए हुए थे, जबकि मां पड़ोस में गई हुई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोजपुर थानान्तर्गत एक गांव में युवती अपने घर पर अकेली थी कि इसी बीच एक युवक ने युवती को अकेली देखकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। इसी बीच पंहुची युवती की मां को घर में आता देख युवक उन्हें धक्का देकर भाग निकला। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### महिला का पीछा कर कमेंटबाजी कर रहे दो युवक गिरफ्तार

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** स्कूटी से घर लौट रही एक महिला का बाइक सवार युवकों ने पीछा किया और उस पर कमेंटबाजी करनी शुरू कर दी। महिला के विरोध जताने पर युवक अभद्रता पर उतारू हो गये। पुलिस में शिकायत दर्ज होने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि हापुड़ मार्ग पर जब एक महिला स्कूटी से लौट रही थी, लौटते समय मोदी पोन गेट के समीप बाइक सवार दो युवकों ने महिला को रोककर उस पर कमेंटबाजी करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर महिला को इन युवकों ने धमकी दे डाली। महिला ने फोन पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फरार युवकों को दबोच लिया।

### ससुराल आये युवक की दर्दनाक मौत

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** रेलवे फाटक पार करते समय एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। जनपद हापुड़ के चंद्रलोक कॉलोनी निवासी हरिओम( 28 )पुत्र अनिल यहां विजयनगर में अपनी सुसराल आया हुआ था। दोपहर जब वह विजयनगर रेलवे फाटक पार कर रहा था, तभी दोनों तरफ से ट्रेन आ गयी और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि वह एक ट्रेन को देखकर ट्रैक पार करने लगा, तभी यह हादसा घट गया। घटना की सूचना मिलते ही मायके व सुसराल दोनों पक्ष के लोग आ गये। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### बंद घर का ताला तोड़कर सामान चोरी किया



**लोनी,करंट क्राइम।** बदमाशों ने बंद घर का ताला तोड़कर सारा कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ित 31 मई से इलाहाबाद गया हुआ था। रविवार सुबह उसे पड़ोस में रहने वाले भाई से घटना की जानकारी मिली। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी बॉर्डर थाने की इंद्रापुरी कॉलोनी निवासी संजीव भटनागर ने बताया कि 31 मई को वह घर का ताला बंद कर परिवार सहित किसी काम से इलाहाबाद चले गए थे। नौ जून को पड़ोस में रहने वाले उनके भाई राजीव ने बताया कि उनके घर का दरवाजा खुला पड़ा है और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। वह वापस लोनी लौटे तो घर में रखे बर्तन, गैस सिलेंडर चूल्हा, पंखे, ओवन, ड्रेसिंग टेबल, मेज आदि गृहस्थी का सारा सामान चोरी हो चुका था। पीड़ित ने लोनी बॉर्डर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### वरिष्ठ भाजपा नेता बसंत त्यागी को धमकी भरी कॉल आई

**लोनी, करंट क्राइम।** भाजपा नेता और जिला पंचायत अध्यक्ष पति को मोबाइल पर धमकी भरी कॉल आई है। जिस नम्बर से धमकी आई है, वह पाकिस्तान का बताया जा रहा है। भाजपा नेता ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। ट्रॉनिका सिटी के नानू गांव निवासी बसंत त्यागी उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष हैं तथा उनकी पत्नी ममता त्यागी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। बंसत त्यागी ने बताया कि 10 जून से उन्हें व्हाटसअप कॉल के माध्यम से धमकी भरे फोन आ रहे हैं। जिस नम्बर से कॉल की गई है उसके शुरू में पाकिस्तान का 92 कोड है। जिससे प्रतीत होता है कि कॉलर पाकिस्तान का है। बंसत त्यागी ने बताया कि 22 फरवरी 2022 को उन्हें धमकी भरी कॉल आई थी जिसकी उन्होंने तभी एफआईआर दर्ज करा दी थी। बसंत त्यागी ने ट्रॉनिका सिटी थाने में अज्ञात कॉलर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

**लोनी, करंट क्राइम।** टीलाशहबाजपुर गांव के पास मंगलवार सुबह करीब 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की शिनाख्त नही हुई है। आसपास के लोगों ने बताया कि वह वहीं घूमता रहता था तथा ईंटों के ट्रकों पर मजदूरी कर लेता था। एक ढाबा संचालक ने बताया कि वह इधर उधर सो जाता था तथा शराब पीने का आदी था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया है।

### गर्भवती होने के बाद किशोरी ने प्रेमी को कराया नामजद

**लोनी,करंट क्राइम।** किशोरी का प्रेमी उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा, किशोरी के गर्भवती होने पर परिजनों को मामले की जानकारी हुई। पहले किशोरी परिजनों को गुमराह कर किसी दूसरे पर आरोप मढ़ती रही लेकिन उसके बाद उसने अपने प्रेमी का नाम उजागर कर दिया और उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। लोनी बॉर्डर थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी ने बताया कि रिश्तेदार की शादी में उसकी पहचान रितिक नाम के युवक से हुई। दोनों के बीच मोबाइल पर वार्ता होने लगी। इतना ही नहीं एक दिन किशोरी अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसने अपने प्रेमी को घर बुला लिया और उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाए। मौका मिलते ही किशोरी प्रेमी को घर बुलाकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने लगी। करीब दो वर्ष तक उनके बीच यह सब चलता रहा। कुछ दिन पूर्व किशोरी गर्भवती हुई तो परिजनों को मामले की जानकारी हुई। जिस पर पहले किशोरी परिजनों को गुमराह करती रही, लेकिन उसके बाद उसने प्रेमी का नाम उजागर किया तथा उसके विरुद्ध लोनी बॉर्डर थाने में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## दहेज के लिए गर्भवती को मारपीट कर घर से निकाला



**लोनी, करंट क्राइम।** दहेज में कार और दो लाख रुपए की मांग पूरी ना करने पर ससुरालियों ने सात माह की गर्भवती को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इतना ही नही पीड़िता ने मायके पहुंचकर शरण ली तो ससुराल वाले वहां भी पहुंच गए और उसके तथा परिजनों के साथ मारपीट कर धमकी देकर चले गए। लोनी बॉर्डर थाने की लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी निवासी ब्रजपाल ने अपनी पुत्री गुंजन की शादी 9दिसम्बर 2022 को ब्रजपुरी दिल्ली निवासी सूरज के साथ की थी। आरोप है कि ससुराल वाले दिए गए दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे और दहेज में दो लाख रुपए तथा कार की और मांग कर रहे थे जिसको लेकर आए दिन ससुराल में गुंजन का उत्पीड़न किया जाता था। आरोप है कि उसका पति शराब पीने का आदी है तथा अधिकांश समय घर से बाहर ही रहता है। घर लौटने पर वह शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। आरोप है कि सात अगस्त 2023 को ससुरालियों ने जब वह सात माह की गर्भवती थी मारपीट कर रात को 11 बजे घर से निकाल दिया। उसने मायके पहुंचकर शरण ली, लेकिन दूसरे ही दिन ससुरालिये उसके मायके पहुंच गए तथा दो लाख और कार की मांग करने लगे। इंकार करने पर उसके मायके वालों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर लौट गए। पीड़िता ने आरोपी पति, सास, ससुर और जेठ के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### मोर मृत पड़ा मिला

**मुरादनगर करंट क्राइम।** थाना क्षेत्र के गांव हिसाली में प्राइमरी जूनियर हाईस्कूल के पास एक मोर मृत अवस्था में पड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है गर्मी के चलते मौत हुई है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी है। राष्ट्रीय पक्षी मोर जंगल से भटकता हुआ गांव में पहुंच गया और अधिक गर्मी के चलते मौत हो गई। गांव हिसाली में मंगलवार दोपहर को जब ग्रामीण प्राइमरी जूनियर हाईस्कूल के पास से गुजर रहे तो उन्हें मोर पड़ा दिखाई दिया। जब नजदीक जाकर देखा तो वह मृत था। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह के समय नहीं था। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि जंगल से भटकता हुआ गांव हिसाली आ गया और अधिक गर्मी होने के कारण मौत हो गई।

## मां जिनवाणी की शोभायात्रा में उमड़ी आस्था की भीड़






**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वसुन्धरा सेक्टर 10 स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर से मुनिश्री संबुद्ध सागर महाराज एवं मुनिश्री सुध्यान सागर महाराज के सानिध्य में जैन मिलन वसुन्धरा की ओर से मां जिनवाणी की भव्य शोभायात्रा पालकी निकाली गई। दिगंबर जैन परंपरा के अनुसार प्रति वर्ष ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी तिथि को श्रुत पंचमी पर्व मनाया जाता है। मंगलवार को निकली पालकी यात्रा जैन मंदिर वसुन्धरा सेक्टर 10 से शुरू होकर सेक्टर 10 ए, सेक्टर 10 बी, फ्रेंड्स सोसाइटी सेक्टर 12, नगर निगम रोड, वनस्थली पब्लिक स्कूल होते हुए भगवान महावीर मार्ग से वापस दिगम्बर जैन मंदिर वसुन्धरा में सम्पन्न हुई। यात्रा में आस्था से सराबोर जैन समाज की महिलाओं ने लाल व हरे रंग के परिधानों में सुसज्जित होकर जैन धर्म ग्रंथों को अपने सिर पर रखकर मां जिनवाणी को ससम्मान नगर भ्रमण करवाया। यात्रा के पश्चात परम पूज्य मुनिश्री संबुद्ध सागर महाराज ने भक्तों को श्रुत पंचमी का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि इस दिन जैनाचार्य धरसेन के शिष्य आचार्य पुष्पदत्त एवं आचार्य भूतबलि ने 'षटखंडागम शास्त्र' की रचना की थी। उसके बाद से भारत में श्रुत पंचमी को पर्व के रूप में मनाया जाने लगा। इस अवसर पर जैन मिलन वसुन्धरा के अध्यक्ष विशाल चंद जैन ने बताया कि श्रुत पंचमी पर्व ज्ञान की अराधना का महान पर्व है। वसुन्धरा जैन मंदिर में यह पालकी यात्रा श्रुत पंचमी के पवित्र दिन पर पहली बार निकाली गई। जैन मिलन के मंत्री मयंक जैन, उपप्रधान सुनीश जैन, कोषाध्यक्ष विकास जैन, संयुक्त सचिव विजय जैन, मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन कुमार जैन, महासचिव अजय कुमार जैन, सचिव प्रवीण जैन, महिला मंडल की राजुल जैन, मानसी जैन, गरिमा जैन युवा मंच के अंकुर जैन, शरद जैन नितिन जैन मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने दरोगा पर लगाया अभद्रता करने का आरोप, थाना घेरा

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में गंगनहर पटरी पर भाजपा किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस द्वारा अभद्रता करने का मामला सामने आया है। इससे नाराज होकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया। थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा जांच कराकर सख्त कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद ही शांत हुए। भाजपा किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नीरज त्यागी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष से मिलने के लिए गंगनहर पटरी मार्ग से जा रहे थे।

जब वह शनि मंदिर घाट पर पहुंचे तो वहां पर पुलिस ने बेरिकेडिंग लगाकर रास्ता बंद कर रखा था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने वहां पर मौजूद दरोगा से बेरिकेडिंग हटाने को कहा। दरोगा ने इंकार कर दिया। इस बात को लेकर दरोगा व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी हो गई। बताया जा रहा है कि दरोगा द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता की गई। इस बात से नाराज होकर भाजपा कार्यकर्ता एकत्र होकर थाने में पहुंचे और प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। नीरज त्यागी ने बताया कि दरोगा द्वारा अभद्रता की गई थी, जो किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं की जाएगी।

दो घंटे से अधिक समय तक भाजपा कार्यकर्ता हंगामा करते रहे। हंगामा बढ़ता देख मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक ने भाजपा कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष जांच कराकर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने दरोगा की डयूटी किसी अन्य स्थान पर लगा दी है। इसके बाद ही भाजपा कार्यकर्ता शांत हुए। इस मौके पर गौरव चौधरी ,सचिन त्यागी ,पारुल त्यागी ,रजनीश प्रधान ,सुधीर भारद्वाज ,लोकेन्द्र,संदीप चौधरी ,शिवम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। एसीपी का कहना है कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## हापुड़ में टोल मांगने पर बुलडोजर से बूथ तोड़े
## कर्मचारियों ने वीडियो बनाया तो भागा, बाइक-कार को टक्कर मारी, पुलिस ने पकड़कर बरसाए डंडे





**हापुड।** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हापुड़ में बने टोला प्लाजा पर एक युवक बुलडोजर लेकर पहुंचा। उससे जब टोलकर्मी ने टोल मांगा तो भड़क गया और टोल प्लाजा पर बने बूथों को बुलडोजर से तोड़ दिया। जब टोलकर्मी वीडियो बनाने लगे तो युवक बुलडोजर लेकर भागने लगा। रास्ते में कई बाइक सवार राहगीरों को भी उसने कुचलने की कोशिश की। किसी तरह पुलिस ने पीछा कर उसको पकड़ा। थाने ले जाकर उसकी जमकर पिटाई की। युवक के तोड़फोड़ करने और उसके बाद पुलिस कस्टडी में लंगड़ाते हुए चलने का वीडियो सामने आया है। मामला पिलखुवा के छिजारसी टोल प्लाजा का है।

### टोल मांगा तो बोला- बुलडोजर का टोल नहीं पड़ता

एसपी अभिषेक कुमार ने बताया- मंगलवार सुबह धीरज नाम का युवक छिजारसी टोल प्लाजा से बुलडोजर लेकर गुजरने लगा। इस पर टोलकर्मियों ने उससे टोल मांग लिया। यह सुनते ही धीरज भड़क गया। कहने लगा, बुलडोजर का टोल नहीं पड़ता है। टोलकर्मी बिना टोल दिए निकलने से रोकने लगे तो धीरज ने बुलडोजर से ही टोल पर बने बूथों को तोड़ना शुरू कर दिया। उसने दो बूथ तोड़ दिए।

### टोलकर्मियों ने बनाया वीडियो

टोलकर्मी धीरज की हरकतों का अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगे तो वह बुलडोजर बैक कर भागने लगा। रास्ते में आने वाले कई राहगीरों को भी उसने कुचलने का प्रयास किया। कुछ राहगीर अपनी बाइक छोड़कर भागने लगे। इस दौरान उसने एक बाइक पर बुलडोजर चढ़ा दिया और एक कार को टक्कर मार दी। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे किसी तरह दौड़ाकर पकड़ा। उसे थाने ले जाकर लॉकअप में बंद कर दिया। अब आरोपी धीरज लंगड़ाते हुए चल रहा है। उसका लंगड़ाने का वीडियो भी सामने आया है। इसमें दो पुलिसकर्मी उसे सहारा देकर ले जाते नजर आ रहे हैं।

### हाईवे पर लगा जाम

तोड़फोड़ के बाद टोल प्लाजा पर अफरा-तफरी मच गई। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर जाम लग गया। करीब एक घंटे तक वाहनों की रफ्तार थमी रही। किसी तरह पुलिस ने जाम खुलवाया। उसके बाद टोल प्लाजा पर ट्रैफिक व्यवस्था ठीक हो सकी।

## शहीद राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर खिराज ए अकीदत पेश की



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के महान सैनानी अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर पूर्व पार्षद मौ. जाकिर अली सैफी के नेतृत्व में क्षेत्र के सम्मानित लोगों के साथ क्षेत्रीय कार्यालय जस्सीपुरा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर खिराज-ए-अकीदत पेश की गई।

इस मौके पर मौ0 जाकिर अली सैफी ने कहा कि पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिले भारतीय स्वतंत्रता आंदोलने की क्रान्तिकारी धारा के एक प्रमुखे सेनानी थे, जिन्हें 30 वर्ष की आयु में ब्रिटिश सरकारे ने फाँसी दे दी। वे मैनपुरी षड्यन्त्र व काकोरी-काण्ड जैसी कई घटनाओं में शामिल थे तथा हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य भी थे। खिराज-ए-अकीदत पेशगी कार्यक्रम में माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करने वाले लोग सैय्यद समीर अली, रमीज राजा, शाहनवाज खान, नोमान सैफी ,नासिर चौधरी, साजिद , मौलाना मेहरउद्दीन, विनायक खन्ना, जेवाद सैफी, सफीक खान, हाशिम मलिक, इमरान कुमार , आफताब अल्वी, अलाउद्दीन, इम्तियाज अहमद, शोएब कुरैशी, नदीम खान, फैसल सैफी, साजिद चौधरी, कपिल शर्मा, सावेज कुरेशी, सल्लू खान, शाहरुख सैफी, दिलशाद सैफी, हाजी बशीर कुरेशी ,वाहिद, साबिर सैफी, शमीम सैफी, इस्लामुद्दीन अब्बसी, शौकत सैफी, इनायत अली, आमिर कल्लू, आदिल सैफी, अलमास, जावेद सैफी, इस्लाम कुरैशी, जाहिद कुरैशी, सलमान मलिक, आदि लोग उपस्थित रहे।

## 'भारत में उल्लेखनीय परिवर्तनों के नेतृत्वकर्ता'

# सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वॉन्ग ने प्रधानमंत्री मोदी को दी बधाई



**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वॉन्ग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत में उल्लेखनीय परिवर्तनों का नेतृत्वकर्ता बनाया है। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक पत्र में पीएम वॉन्ग लिखते हैं, मुझे पूरा भरोसा है कि पीएम मोदी आपके नेतृत्व में भारत तेजी से समृद्ध और विकसित होगा। उन्होंने भारत-सिंगापुर के बहुआयामी एवं मधुर संबंधों का जिक्र करते हुए लिखा, अगले वर्ष हमारे राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ है। हम इस मौके पर साझेदारी को बढ़ाने डिजिटलीकरण, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवा जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग को विस्तार देंगे। वॉन्ग पिछले महीने ही सिंगापुर के प्रधानमंत्री बने हैं। उन्हें ली सीन लूंग से सत्ता मिली है, जिन्हें नरेंद्र मोदी के करीबी मित्रों में एक माना जाता है।

और मजबूत होगी भारत-द. अफ्रीका के बीच साझेदारी : रामाफोसा

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई। मोदी भारत के लोगों के प्रति उनके समर्पण के लिए भी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने भारत की जनता को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भी बधाई दी। साथ ही कहा, भारत-दक्षिण अफ्रीका एक रणनीतिक साझेदार हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में इस साझेदारी के और मजबूत होने की उम्मीद है।

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु जब भारत में पीएम मोदी के शपथ समारोह में शामिल हो रहे थे, उसी दौरान मालदीव की संसद ने 2018 से 2023 के बीच दोनों देशों में हुए चार समझौतों की जांच शुरू कर दी। इनमें 2018-2023 के बीच हाइड्रोग्राफी संधि, उत्तरी थिलाफाल्हू में सैन्य डॉकयार्ड संधि, डोर्नियर विमान व हेलिकॉप्टर संधि की जांच शुरू की है। भारत-अमेरिकी व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) ने कहा है कि नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक कार्यकाल भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश दे रहा है।

# ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत की ओर से वरिष्ठ राजनयिक दम्मू रवि रहे उपस्थित




**मास्को।** ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक रूस में 10 और 11 जून को आयोजित हुई। बैठक का पहला दिन सोमवार को था। लोकसभा चुनावों के कारण आधिकारिक तौर पर इस वक्त भारत में कोई विदेश मंत्री नहीं था। हालांकि जयशंकर सोमवार शाम को ही विदेश मंत्री के रूप में नियुक्त किए गए। इस वजह से वे बैठक में शामिल होने रूस नहीं जा सके। इसलिए भारत का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ राजनयिक दम्मू रवि ने किया।

भारत ने किया इन देशों का स्वागत

इसके अलावा, भारत ने सोमवार को मिस्त्र, ईरान, यूएई, सऊदी अरब और इथियोपिया के ब्रिक्स में शामिल होने का स्वागत किया। उनके प्रतिनिधियों ने पहली बार रूस द्वारा आयोजित ब्रिक्स की महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। कार्यक्रम पश्चिमी रूस के निजनी नोवगोरोड में आयोजित हुआ। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट किया। उन्होंने ब्रिक्स परिवार के नए सदस्यों का स्वागत किया।

**आतंकवाद के मुद्दे पर विदेश मंत्रियों ने जताई चिंता :** बैठक में विदेश मंत्रियों ने जी20 शिखर सम्मेलन की तारीफ की। उन्होंने जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल करने का स्वागत किया। मंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने के लिए अफगानिस्तान में तत्काल शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आतंकवाद के किसी भी कृत्य की कड़ी निंदा की।

**ब्रिक्स में ये देश शामिल :** बता दें कि ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, इथोपिया, ईरान, मिस्त्र और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। ब्रिक्स समूह के मूल सदस्यों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का संक्षिप्त रूप है।

**विदेश मंत्रियों ने बिना शर्त बंधकों की रिहाई का आह्वान किया :** बैठक के दौरान समूह ने गाजा पट्टी में फलस्तीन नागरिक आबादी को मानवीय सहायता की तत्काल, सुरक्षित और निर्बाध डिलीवरी का भी आह्वान किया। साथ ही युद्धविराम के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2728 के प्रभावी कार्यान्वयन पर भी दबाव डाला। विदेश मंत्रियों ने समान रूप से उन सभी बंधकों और नागरिकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई का आह्वान किया, जिन्हें अवैध रूप से बंदी बनाया गया है।

# पीएम मोदी को कतर के अमीर ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई





**कतर।** मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों के आपसी सहयोग, प्रतिबद्धता को दोहराते हुए बहुआयामी संबंधों को मजबूत बनाने के लिए चर्चा की। इस बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अरब देश के अमीर को उनकी शुभकामनाओं और भारत के लोगों के प्रति सकारात्मक भाव के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी किए एक बयान में बताया गया कि इस बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने फरवरी में अपने कतर दौरे को याद किया और शेख तमीम बिन हमद अल थानी को जल्द ही भारत दौरे पर आने के लिए आमंत्रित भी किया।

वहीं सोशल मीडिया (पहले ट्विटर) पर प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा-मेरे दोस्त और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से बात करके काफी खुशी हुई। मैंने उन्हें उनकी शुभकामनाओं और भारत के प्रति सकारात्मक भाव के लिए धन्यवाद दिया। हमने इस दौरान अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए भारत और कतर के संबंधों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके साथ कतर के अमीर को जन्मदिन की शुभकामनाएं और आगामी पर्व ईद-अल-अदा की बधाई भी दी।

**भारत और कतर ने मैत्रीपूर्ण प्रतिबद्धता दोहरायी :** प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी किए बयान में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की तरफ से शुभकामनाएं देने के लिए फोन आया था।

# हमास से जंग के बीच इस्राइल ने लेबनान पर किया हमला, हिजबुल्ला के 3 सदस्य मारे गए



**बेरुत।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। इधर, हमास और इस्राइल बीते सात महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। अब तक 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। जहां सभी देश संघर्ष विराम की उम्मीद लगाए हुए थे। वहीं, अब एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। इस्राइल ने लेबनान में टैंकरों के एक काफिले को निशाना बनाया। इस हमले में हिजबुल्ला के तीन सदस्य भी मारे गए।

**यह है मामला :** हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरूआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है।

**एक के बाद एक हमले :** हिजबुल्ला ने भी इस्राइल को निशाना बनाया है। लेबनान में जारी हिंसा में कम से कम 462 लोग मारे गए हैं, जिनमें लगभग 90 नागरिक और लगभग 300 हिजबुल्ला लड़ाके शामिल हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में सैन्य सूत्र के हवाले से बताया गया इस्राइल ने सीरिया की सीमा पर स्थित हरमेल जिले के एक गांव में टैंकरों के एक काफिले और एक इमारत को निशाना बनाया।




# विमान में टर्बुलेंस की घटना पर मुआवजे का ऐलान

## यात्रियों को रिफंड होगा पूरा किराया

**सिंगापुर।** पिछले महीने लंदन से सिंगापुर जा रही सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट में खतरनाक टबुर्लेंस के कारण एक यात्री की मौत हो गई थी। इस टबुर्लेंस के कारण दर्जनों यात्री घायल भी हुए थे। विमान में चालक दल के सदस्यों समेत 211 यात्री सवार थे। घटना के एक महीने बाद एयरलाइंस ने सभी यात्रियों को मुआवजा और हवाई किराया का पूरा रिफंड देने की पेशकश की। बता दें कि 21 मई को सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट एसक्यू 321 टबुर्लेंस में फंस गई थी। विमान 62 सेकेंड तक टबुर्लेंस में फंसा रहा था और इस दौरान विमान पहले ऊपर गया और फिर तेजी से नीचे गिरा।

एसआईए ने एक बयान में बताया कि यात्रियों को मुआवजे का प्रस्ताव सोमवार को भेजा गया। जिन यात्रियों को मामूली चोटें आई थीं, उन्हें मुआवजे के तौर पर 10,000 अमेरिकी डॉलर और गंभीर चोटें झेलने वाले यात्रियों को 25,000 अमेरिकी डॉलर मुआवजे के तौर पर देने की पेशकश की गई है। इसके अलावा यात्रियों को हवाई किराया का पूरा रिफंड भी दिया जाएगा। इस हादसे में जो यात्री पूरी तरह से सुरक्षित बच गए थे, उन्हें भी पूरा रिफंड मिलेगा।

फ्लाइट में यात्रियों के साथ चालक दल के सदस्य भी शामिल थे, फिलहाल उनके मुआवजे को लेकर कोई बात नहीं कही गई है। सिंगापुर के राष्ट्रीय वाहक ने कहा कि बैंकॉक से प्रस्थान के दौरान यात्रियों को तुरंत खर्चे के तौर पर एक हजार अमेरिकी डॉलर दिए गए थे। बता दें कि इस हादसे में 73 वर्षीय ब्रिटिश यात्री ज्योफ किचेन की मौत हो गई थी। दरअसल, उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई थी, इसके अलावा बाकी के यात्रियों को सिर पर और रीढ़ की हड्डी में चोट लगी थी।

### टर्बुलेंस के कारण 31,000 फीट नीचे पहुंचा था विमान

विमान 37,000 फीट से गिरकर 31,000 फीट पर पहुंच गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक पायलट ने पहचान जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि जब विमान तेजी से ऊपर गया तो गुरुत्वाकर्षण बल के चलते यात्रियों को ऐसा लगा जैसे उन पर सीटे पर बैठे हुए दबाव पड़ रहा है। इसके बाद जब विमान तेजी से नीचे गया तो यात्री अपनी सीटों से उछलकर विमान की छत से टकरा गए। इसके बाद दूसरी बार फिर से यही प्रक्रिया हुई। इससे यात्री घबरा गए।

# आईएसएस पर मंडराया सुपरबग का खतरा, बढ़ सकती हैं सुनीता विलियम्स और उनके साथियों की समस्या




**वाशिंगटन।** नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर ने बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जोड़ दिया। इस सफलता के बाद सुनीता विलियम्स और उनके क्रू के आठ सदस्यों के लिए एक नई मुसीबत खड़ी हो गई है। दरअसल, आईएसएस के अंदर एक सुपरबग का खतरा मंडरा रहा है। वैज्ञानिकों ने एंटरोबैक्टर बुगंडेंसिस नामक एक बहु दवा प्रतिरोधी बैक्टेरिया पाया, जो आईएसएस के बंद वातावरण में विकसित होकर अधिक प्रभावशाली हो चुका है। यह एक बहु दवा प्रतिरोधी बैक्टेरिया है, इसलिए इसका नाम सुपरबग रखा गया है। यह बैक्टेरिया श्वसन तंत्र को संक्रमित करता है।

सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी छह जून को नए बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर सवार होकर आईएसएस पहुंचे। स्टेशन में रहने वाले सात लोगों के साथ विलियम्स और विल्मोर लगभग एक सप्ताह बिताएंगे। इस दौरान वह अंतरिक्ष में रहते हुए विभिन्न परीक्षणों में सहायता करेंगे और वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे। बता दें कि सात अन्य क्रू सदस्य पहले से ही आईएसएस पर रह रहे हैं।

### आईएसएस में सुपरबग एक बड़ी चुनौती

आईएसएस पर चिंता का विषय अंतरिक्ष के उड़ने वाले मलबे और सूक्ष्म उल्कापिंड होते हैं, लेकिन अब सुपरबग की चिंता ज्यादा सताने लगी है। आईएसएस में सुपरबग की मौजूदगी पर नासा ने हाल ही में कहा था कि ई. बगएंडेसिस नाम का बैक्टेरिया, जिस पर कई दवाओं का असर नहीं होता, उसकी 13 स्ट्रेन्स को हाल ही में अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में अलग किया गया था। ये बैक्टेरिया धरती पर पाए जाने वाले बैक्टेरिया से बिलकुल अलग है।

नासा की जेट प्रोपल्सन लेबोरेटरी कैलिफोर्निया की अध्यक्ष डॉ. कस्तुरी वेंकटेश्वर ने इस सुपरबग को लेकर कई बातें बताई हैं। वैज्ञानिकों की माने तो आईएसएस में किसी का भी जीवन आसान नहीं है। यहां मौजूद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण उनकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता पृथ्वी की अपेक्षा कम होने लगती है। इन हालातों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि आईएसएस में मौजूद ये सुपरबग एक बड़ी चुनौती बन सकते हैं।

# यूरोपीय संघ (ईयू) के चुनावों में फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों की हार



**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के चुनावों में धुर दक्षिणपंथी दलों को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कई देशों की पारंपरिक सत्तारूढ़ ताकतों को बड़ा झटका दिया है, जिसमें फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पार्टी को भी करारी हार का सामना करना पड़ा। कुल 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में सत्ता की चाबी दक्षिणपंथी दलों के हाथों में खिसकती दिख रही है। इस बीच, मैक्रों ने फ्रांस में मध्यावधि विधायी चुनाव की घोषणा कर दी है।

रविवार को संपन्न ईयू के चुनावों में सोमवार को भी मतपत्रों की गिनती जारी रही, लेकिन नतीजों से पता चला कि 27 देशों के ब्लॉक की साझा संसद स्पष्ट रूप से दक्षिणपंथियों की तरफ स्थानांतरित हो गई है। इटली की पीएम जियोर्जिया मेलनी ने संसद में अपनी पार्टी की सीटें दोगुनी से भी अधिक कर दीं। जर्मनी की धुर दक्षिणपंथी पार्टी ह्यअल्टरनेटिव फॉर जर्मनीह्न को भले ही अपने उम्मीदवारों से जुड़े घोटाले का सामना करना पड़ा हो लेकिन पार्टी ने देश के चांसलर ओलाफ शोल्ज की ह्यसोशल डेमोक्रेट्सह्न पार्टी को मात देने के लिए पर्याप्त सीट जुटा लीं। ईयू के सबसे बड़े देश जर्मनी में ह्यअल्टरनेटिव फॉर जर्मनीह्न के कई शीर्ष उम्मीदवारों के नाम घोटालों में शामिल रहे लेकिन पार्टी का मत प्रतिशत 2019 में 11% के मुकाबले 16.5% हो गया।

वहीं, जर्मनी के सत्तारूढ़ गठबंधन में 3 दलों का साझा मत प्रतिशत बमुश्किल 30% रहा।

# अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता





### संयुक्त राष्ट्र ने पेश किए चिंताजनक आंकड़े

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कई चिंताजनक आंकड़े पेश किए गए हैं। जिनके अनुसार, अफगानिस्तान में 11 लाख लड़कियां स्कूल नहीं जा रही हैं और एक लाख से ज्यादा महिलाएं यूनिवर्सिटी में पढ़ाई नहीं कर पा रही हैं। अफगान महिलाओं के पास उनके जीवन को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर फैसले लेने का कोई अधिकार नहीं है। तालिबान प्रशासन में कोई महिला नेता नहीं है। वठ हड्ढील्ल के आँकड़ों के अनुसार, अफगानिस्तान में एक प्रतिशत महिलाओं को ही यह महसूस होता है कि उनका अपने समुदाय में कोई प्रभाव है।



## दमन रोकने के लिए वैश्विक कार्रवाई की मांग

**विशेष।** संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूएन वूमन ने अपनी एक नई रिपोर्ट में अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति पर चिंता जाहिर की है। रिपोर्ट में यूएन वूमन संस्था ने अफगानिस्तान में महिलाओं का दमन रोकने के लिए वैश्विक कार्रवाई की मांग की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान में बीते कई दशकों में जो प्रगति हुई थी, उसे तालिबान के तीन वर्षों के शासन में ही मिटा दिया गया है।

**तालिबान शासन में बिगड़े महिलाओं के हालात :** रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान में सत्ता पर काबिज तालिबान ने पिछले कुछ वर्षों में 70 से ज्यादा ऐसे आधिकारिक आदेश, वक्तव्य और नीतियां लागू की हैं, जिनका अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों के जीवन पर गहरा असर पड़ा है। अफगानिस्तान में महिला अधिकार पिछले कई दशकों व पीढ़ियों से एक संघर्ष से गुजर रहा है, लेकिन अगस्त 2021 के बाद से देश में तालिबान का शासन स्थापित होने के बाद अफगान महिलाओं और युवतियों को बड़े पैमाने पर दमन का सामना करना पड़ रहा है।

यूएन वूमन की यह रिपोर्ट यूरोपीय संघ की आर्थिक मदद से तैयार की गई है। रिपोर्ट में अफगानिस्तान में बीते 40 वर्षों की लैंगिक समानता की स्थिति का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, लैंगिक समानता को चोट पहुंचाने की वजह से सभी क्षेत्रों में विकास पर असर पड़ा है। प्रगति के अवसर सीमित हुए हैं और इसके प्रभाव अगली कई पीढ़ियों तक महसूस किए जा सकते हैं।

**महिलाओं में निराशा का माहौल :** सामाजिक तौर पर अलग-थलग होने से महिलाएं व लड़कियां हताशा व निराशा से जूझ रही हैं। 18 प्रतिशत महिलाएं, सर्वेक्षण से पहले के तीन महीनों के दौरान, अपने घर-परिवार के अलावा किसी महिला से एक बार भी नहीं मिली।

इस सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाली प्रतिभागियों में से करीब आठ फीसदी कम से कम एक ऐसी महिला या लड़की को जानती हैं, जिन्होंने अगस्त 2021 के बाद आत्महत्या करने की कोशिश की है।

एक 26 वर्षीय अफगान महिला ने यूएन वूमन को बताया कि, 'महिलाएं निर्णय लेने का अधिकार हासिल करना चाहती हैं, न केवल अपने घरों में बल्कि सरकार व अन्य स्थलों पर। वे शिक्षा चाहती हैं। वे काम करना चाहती हैं। वे अपने लिए अधिकार चाहती हैं।' अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान की वापसी के तीन साल बाद, अफगान महिलाओं का संकल्प और मजबूत हुआ है, लेकिन समाज में उनका दर्जा व परिस्थितियां बद से बदतर हो रही हैं।

### संयुक्त राष्ट्र ने सुझाए कुछ सुझाव

इस अध्ययन में सभी हितधारकों से अफगान महिलाओं व लड़कियों को समर्थन प्रदान करने के लिए निम्न कदम उठाए जाने का आग्रह किया गया है।

1. सतत रूप से और आवश्यक बदलावों के अनुरूप वित्त पोषण मुहैया कराना, ताकि महिलाओं के नागरिक समाज संगठनों को मजबूती दी जा सके। अफगानिस्तान के लिए कुल सहायता धनराशि का कम से कम 30 फीसदी लैंगिक समानता व महिला अधिकारों के लिए मद में सुनिश्चित करना।

2. महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण कदमों व तौर-तरीकों को रोकने के लिए जरूरी उपाय लागू करना, ताकि तालेबान की नीतियों, मानकों व मूल्यों में भेदभाव के सामान्यकरण से बचा जा सके।

3. महिला अधिकारों पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए, सभी मानवतावादी गतिविधियों और मानवीय जरूरतों के लिए हस्तक्षेप में मानवाधिकारों को समाहित करना।

# निगम की 1702 दुकानों के किराया बढ़ोत्तरी का मामला नहीं हो रहा हल

## व्यापारियों के साथ फिर की नगर निगम अधिकारियों ने बैठक

### शासन और निगम प्रशासन को लेना है अंतिम फैसला





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम की 1702 दुकानों के किराया बढ़ोत्तरी के मामले को लेकर हल निकलता दिखाई नहीं दे रहा है। बीते कई महीनों से जारी बैठकों के दौर और कई स्तर की वातालर्प के बाद भी इसका हल नहीं निकला है। मंगलवार को 1702 दुकानों के किराए के मुद्दे को लेकर नगर निगम में बैठक हुई। इस बैठक में नगर निगम की तरफ से पांच अधिकारी और व्यापारियों की तरफ से सात व्यापारी बैठक में शामिल हुए। बैठक करीब 12:30 बजे से शुरू हुई और 1:30 तक चली।

व्यापारियों द्वारा कई मुद्दों पर अपनी तरफ से विचार रखे गए, उन मुद्दों को चुनकर अधिकारियों द्वारा विचार करने का समय मांगा गया है। उधर व्यापारियों का कहना है कि जिन दुकानों का प्रीमियम जमा है इसकी लीज कर दें और 1997 के बाद अगर किराया नहीं बढ़ाया गया है अगर किराया बढ़ाना चाहते हैं तो 1997 के जियो के हिसाब से हर 5 साल बाद 12% लगाते हुए आज की तारीख में जितना किराया बैठता है वह व्यापारी देने को तैयार हैं। मंगलवार को हुई बैठक में केवल व्यापारियों के विचारों को सुना गया है। जिसका निर्णय प्रशासन द्वारा बाद में लिया जाएगा और फिर व्यापारियों को अवगत कराया जाएगा।

### बैठक में यह अधिकारी और व्यापारी रहे उपस्थित

**करंट क्राइम।** 1702 दुकानों के किराया बढ़ोत्तरी को लेकर हुई मंगलवार को बैठक में मुख्य रूप से अवनींद्र कुमार, एनके चौधरी मुख्य अभियंता, डॉ. संजीव सिन्हा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, डॉ. अनुज कुमार सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. मिथिलेश कुमार नगर स्वास्थ्य अधिकारी के साथ ही व्यापारियों की ओर से मुख्य रूप से राजकुमार, राकेश स्वामी, सुरेश महाजन, अशोक चावला, संजीव लाहोरिया, राजू छाबड़ा और सुरेश गुप्ता उपस्थित रहे।

### बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है दुकानों का किराया बढ़ोत्तरी का मामला

**करंट क्राइम।** बीते लगभग 6 माह से अधिक का समय हो चुका है और नगर निगम की 1702 दुकानों के किराया बढ़ोत्तरी का मामला शांत नहीं हो रहा है। कभी इस पर अधिकारी एक्शन मोड में आ जाते हैं, तो कभी व्यापारी वर्ग आक्रोषित होकर धरना, प्रदर्शन और मार्च शुरू कर देता है। बीते दिनों लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा के कई शीर्ष नेताओं द्वारा भी व्यापारियों से मुलाकात की गई और पूरे मामले पर उनके साथ खड़े होने का आश्वासन दिया गया लेकिन अभी तक नगर निगम और शासन की ओर से पूरे मामले पर हल नहीं हो पाया है। उधर इस मामले में पूर्व में भी बीजेपी व्यापारियों के साथ नजर आई थी।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर महानगर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

### व्यापक सोच के धनी थे राजेश पायलट : विजय चौधरी



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** घंटाघर कम्पनी बाग स्थित महानगर कांग्रेस कार्यालय पर किसान नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व० राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि स्व. राजेश पायलट ने केंद्रीय मंत्री रहते हुए किसानों के हित में अनेक कार्य किये। जनहित की व्यापक सोच को श्री पायलट ने सदैव राजनीतिक विचारधारा से ऊपर रखकर कार्य किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी महिला महानगर अध्यक्ष सोनल नागर ,वरिष्ठ कांग्रेसी बाबूराम शर्मा ,पूर्व पीसीसी त्रिलोक सिंह ,प्रदेश सचिव सेवादल प्रेम प्रकाश चीनी, संजय सिरोही, युवा जिला कोऑर्डिनेटर हिमायू मिर्जा, वरिष्ठ कांग्रेसी कासिम प्रधान, अनुज चौधरी, बलराज चावड, पवन शर्मा, अजय शर्मा, अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष वली हसन, महिला नेत्री कशिश गुज्जर, कामाक्षी गुज्जर, शान्ति देवी, गीतिका चौधरी, नफीशा, नगमा, मोहित त्यागी, सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## पुनः रक्षामंत्री बनने पर राजनाथ सिंह के आवास पर जाकर दीं शुभकामनाएं



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह के पुनः भारत के रक्षा मंत्री बनने पर पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी, भाजयुमो के क्षेत्रीय महामंत्री अनुज कश्यप, भाजयुमो के महानगर उपाध्यक्ष आशीष चौधरी ने दिल्ली स्थित उनके आवास पर जाकर उन्हें शुभकामनाएं देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अधिकारी प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण करें : जिलाधिकारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जिला मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि जो भी शिकायतें समाधान के लिए आएं उनका त्वरित गति से निदान किया जाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह भी मौजूद रहे और लोगों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने प्राप्त प्रत्येक शिकायत के निस्तारण के लिए मोबाइल कॉल, वाट्सअप वअन्य माध्यम से सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराते हुए आदेशित किया कि शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण समय रहते निस्तारण किया जाए।

जन सुनवाई के दौरान पेंशन, किसान निधि, भूमि, अवैध निर्माण, गावों में विकास कार्य में सहयोग करने से रोकने की अनेक शिकायतें आईं। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं से कहा कि समस्याओं के निदान के लिए सम्बंधित अधिकारियों से मिलें, यदि कोई अधिकारी आपकी शिकायत का निस्तारण नहीं कर रहा है तो आप उनके पास अपनी शिकायत लेकर आएं, शिकायत का तत्काल निस्तारण किया जायेगा।

# नगर निगम में संभव जनसुनवाई के दौरान प्राप्त 26 संदर्भों में कई का समाधान

## नगर आयुक्त ने विजयनगर की समस्याओं को तत्काल हल करने के दिये निर्देश





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की मौजूदगी में संभव जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान लगभग 26 संदर्भ प्राप्त हुए जिन पर अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही की।

अधिकांश शिकायतें विजयनगर जोन से प्राप्त हुई। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव एवं अवनींद्र कुमार के अलावा सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। संभव जनसुनवाई के दौरान विजयनगर की जलकल विभाग से जुड़ी जो समस्याएं प्राप्त हुईं उनके समाधान के लिए नगर आयुक्त ने अधिनस्थों को सख्त निर्देश दिये और मौके पर टीम द्वारा कई समस्याओं का निदान भी कराया। साथ ही जलापूर्ति में किसी प्रकार की कोताही ना बरतने के भी नगर आयुक्त ने निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान निर्माण विभाग से 6, स्वास्थ्य विभाग से 4, जलकल विभाग से 5, अतिक्रमण से संबंधित 2, टेक्स्ट संबंधित 2, लाइट संबंधित 2, संदर्भ प्राप्त हुए जिन पर नगर आयुक्त के निर्देश पर तत्काल कार्यवाही टीम को भेज कर कराई गई। संदर्भ जनसुनवाई में कई पार्षदों द्वारा भी नगर आयुक्त से शहर के विकास के बारे में चर्चा की गई।

## नगर आयुक्त ने अवैध डेयरियों पर अंकुश के दिये निर्देश, हुई तत्काल कार्रवाई

### वसुंधरा तथा मोहननगर जोन में चला अभियान, 1 लाख 30 हजार वसूले





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा जहां नालों की सफाई बड़े स्तर पर की जा रही है वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा अवैध रूप से डेयरियों के गोबर बहाने पर अंकुश लगाने के लिये विभाग को आदेश दिये हैं।

इसी आश के तहत मोहननगर जोन के अंतर्गत पसौंडा क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दंड स्वरूप लगभग 95 हजार की वसूली की गई और खुले में गोबर न बहाने के नोटिस भी जारी किये गये। इसी प्रकार वसुंधरा जोन के अंतर्गत 35 हजार की वसूली के साथ सेक्टर 1 वसुंधरा में अवैध रूप से चल रही डेयरी को हटाने के लिए अंतिम चेतावनी भी दी गई। अभियान के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. आशीष भी उपस्थित रहे।

उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज ने बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में नालों में बहाये जा रहे गोबर पर कड़ी कार्रवाई लगातार की जा रही है। जलकल विभाग को अवैध डेयरी संचालकों के सबमर्सिबल को भी नियम अनुसार बंद करने के लिए लेटर लिखने के लिए कहा गया है।

# नीट परीक्षा का पेपर लीक होने पर आप पार्टी ने प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गत दिनों नीट परीक्षा का पेपर लीक हो जाने पर आम आदमी पार्टी की जिला, महानगर इकाई ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे महानगर अध्यक्ष निमित यादव ने केंद्र सरकर पर आरोप लगाते हुए कहा कि कहा कि बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहे नौजवानों को सरकार ने एक और झटका दे दिया। एक ओर जहां संवेदनहीन मोदी सरकार में भर्तियों का टोटा है तो वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार में डूबी सरकार सभी प्रकार की परीक्षाओं का पेपर लीक करवाने की जिम्मेदार है।

महानगर अध्यक्ष ने आगे कहा कि आज इस भ्रष्टाचार की वजह से नौजवानों को अपने उज्ज्वल भविष्य का कोई मार्ग नहीं दिख रहा है। अधिवक्ता इरफान अहमद ने कहा कि नीट का परीक्षा का परिणाम 14 जून को आना था, परंतु आनन-फानन में 04 जून को ही लोकसभा चुनाव के परिणाम के दिन ही नीट का परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। इससे सवाल उठता है कि किस गुनाह को छिपाने के लिये इसका परिणाम उस दिन घोषित किया गया और जिस प्रकार 67 बच्चों को पूरे 720 अंक दिये गये, एक ही कोचिंग के कई बच्चों को 720 अंक दिये गये और कुछ बच्चों को 718, 719 नंबर दिये गये जो कि असम्भव है क्योंकि एक प्रश्न छोड़ देने या गलत करने पर 04 या 05 नंबर कम होने चाहिए तो 718 और 719 नंबर कैसे दिये जा सकते हैं।

आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से नीट परीक्षा के परिणाम की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों को जेल भेजने की मांग की। इस अवसर पर एडवोकेट इरफान, सतीश गहलोत, प्रेमपाल सिंह, मनोज गौड, हर्षित, सरमन गुप्ता, पुष्प लता, जगन चंद्र, अर्चना सिंह, अमन सिंह, मुकेश प्रजापति, जतिन शर्मा, स्वतंत्र यादव, प्रेम पाल, सतीश गहलोत, मयंक जैन, एडवोकेट अनिल, डॉ .आदित्य व प्रेमपाल सिंह आदि उपस्थित रहे ।

# मोदी सरकार बनने पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया के आवास पर मना विजय उत्सव



**लोनी,करंट क्राइम।** मंगलवार को तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यपाल प्रधान के नेतृत्व में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया के आवास पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव धूमधाम से मनाया। जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान ने क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया को बुके भेंट कर मिठाई खिलाई। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भी कार्यकर्ताओं का जीत की खुशी में मुंह मीठा कराया और कहा कि तीसरी बार देश में मोदीजी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी है जो विकसित भारत निर्माण के लिए कार्य करेगी। शपथ लेते ही प्रथम दिन प्रधानमंत्री ने किसान निधि योजना के तहत किसानों के खाते में किस्त डाली और पहली कैबिनेट बैठक में गरीबों का ध्यान रखते हुए तीन करोड़ घरों का निर्माण करने का ऐलान हुआ। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इंटर व हाईस्कूल की परीक्षा पास करने वाले कैदियों का समाजसेवी अजय गुप्ता ने किया सम्मान

### सुपरिटेंडेंट आलोक कुमार सिंह एवं जेलर केके दीक्षित ने किया आभार व्यक्त





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** उद्योग व्यापार मंडल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अजय गुप्ता ने जिला कारागार डासना में इंटरमीडिएट, और हाईस्कूल में उत्तीर्ण हुए छात्रों का सम्मान किया। छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जेलर के-के दीक्षित ने कहा कि हमें मेहंदी जैसा बनना चाहिए, ना कि पीपल के पत्ते जैसा, जब पतझड़ आता है, तो पत्ते झड़ जाते हैं और वह बेकार हो जाते हैं, और मेहंदी सूखने के बाद भी जीवन में खुशियों के रंग भरती है, आज यह कैदी किसी भी हालत में यहां पहुंचे हों, लेकिन भविष्य में हम यही आशा करते हैं, यह लोग यहां से रिहा होकर सामान्य जीवन बिताएं। इस मौके पर सुपरिटेंडेंट आलोक कुमार सिंह, जेलर के-के दीक्षित, डिप्टी जेलर संजय कुमार शाही, बृजेश नारायण, विजय गौतम का माला पटका और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संयोजक अजय गुप्ता, पवन सिंघल, समयक सिंगल, शिवकुमार शर्मा, मोहम्मद अली, प्रदीप गुप्ता, अरविंद गुप्ता, चंद्र सिंह, संजीव अग्रवाल, श्याम सुंदर गुप्ता, सुनील शर्मा और सतीश उपस्थित रहे।

## पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने दी अतुल गर्ग को जीत की बधाई



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 83 श्याम पार्क एक्सटेंशन से पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने सांसद अतुल गर्ग को प्रचंड जीत पर फूलों के बुके, पगड़ी पटका पहनाकर व मिठाई खिलाकर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए गाज़ियाबाद की जनता का आभार व्यक्त किया। पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने कहा कि अतुल गर्ग की जीत को लेकर गाज़ियाबाद के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

सभी कार्यकर्ता यह जीत सिर्फ. अतुल गर्ग की नहीं बल्कि खुद की जीत एवं मतदाताओं की जीत मान रहे हैं ।

इस मौके पर अशोक गुप्ता आटे वाले, बाबू तेजपाल, मुकेश शर्मा, के.डी. शर्मा, अनिल शर्मा, प्रमोद सिंघल, नरेश चौहान आदि लोग मौजूद रहे ।

## सचिन पायलट ने अपने पिता स्व. राजेश पायलट की समाधि पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** मंगलवार को राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट अपने पैतृक गांव वैदपुरा पहुंचे।

वैदपुरा में सचिन पायलट ने अपने पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री व किसानों के मसीहा स्व. राजेश पायलट की समाधि पर पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उनके परिजन, क्षेत्र के नागरिक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय चौधरी के अलावा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भी स्वर्गीय राजेश पायलट की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# नोएडा में सोसाइटी की दीवार तोड़कर अंदर घुसी बस





**नोएड़ा।** सेक्टर 118 स्थित श्रीराम अपार्टमैंट हाउसिंग सोसाइटी की दीवार को तोड़कर मंगलवार शाम सात बजे के करीब एक बस अंदर घुस गई। दीवार के किनारे मोमोज के ठेले पर काम करने वाले दो युवक बस की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल का उपचार चल रहा है। हादसे के बाद चालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

25 सवारियां बस में बैठी थी जिस बस से हादसा हुआ है घटना के समय उसमें 25 सवारियां बैठी हुई थीं। मृतकों के परिजनों ने अभी तक पुलिस से मामले की शिकायत नहीं की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस इस मामले में कार्रवाई करने की बात कह रही है। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि सोसाइटी की दीवार के किनारे मथुरा के भगत सिंह मोमोज का ठेला लगाते हैं।

### इलाज के दौरान एक की मौत

सोमवार छह बजकर 54 मिनट पर तीनों जब ठेले पर मौजूद थे तभी एक कॉमर्शियल बस ठेले में टक्कर मारते हुए दीवार के अंदर घुस गई। हादसे में 32 वर्षीय दीपक और 20 वर्षीय सुशील गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान दीपक की मौत हो गई। सुशील की हालत गंभीर बनी हुई है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सामाजिक कार्यकर्ता जग्गी केवट के पुत्र अनमोल कश्यप का हैप्पी बर्थडे है। पुत्र के जन्मदिन पर पिता ने अपने बेटे के लिए ईश्वर से सारी खुशियां मांगी। अनमोल के जन्मदिन पर जग्गी केवट ने सभी से उसके लिए प्यार और आशीर्वाद की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।